दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 20 सितम्बर -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 341 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# कांग्रेस-एनसी के घोषणापत्र से पाकिस्तान खुश : मोदी

## 'कोई भी ताकत 370 वापस नहीं ला सकती'



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर में दो जनसभाएं कीं।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर में दो जनसभाएं कीं। उन्होंने कटरा में कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर पाकिस्तान में बहुत उत्साह है। वहां इन दोनों पार्टियों की बल्ले-बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पड़ोसी देश बहुत खुश है। पीएम ने कहा कि ये सब मिलकर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाना चाहते हैं, लेकिन कोई भी ताकत 370 वापस नहीं ला सकती। वहीं, शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में पीएम ने कहा, 'हमने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा दिलाएंगे। भाजपा ही इसे पूरा करेगी। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि 25 सितंबर को वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए।' इसके पहले 14 सितंबर को पीएम मोदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को लेकर कहा, 'इन तीन खानदानों ने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए दशकों तक घाटी में नफरत का सामान बेचा है। इनके कारण ही यहां के युवा तरक्की नहीं कर पाए।' पिछले 6 दिन में पीएम मोदी का यह दूसरा कश्मीर दौरा है। इससे पहले वे 14 सितंबर को डोडा पहुंचे थे। पाकिस्तान में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की चर्चा पीएम ने कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने इन दोनों पार्टियों का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35अ को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का जो एजेंडा है, वही एजेंडा पाकिस्तान का है। ये वहां के मंत्री बोल रहे हैं। यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा लागू करना चाहते हैं।

कांग्रेस ने हमारी आस्था का अपमान किया कांग्रेस का शाही परिवार भ्रष्टाचार का जन्मदाता है। कांग्रेस के उत्तराधिकारी ने विदेश जाकर कहा कि हमारे 'देवी-देवता' भगवान नहीं हैं। यह हमारी आस्था का अपमान है। कांग्रेस को इसके लिए दंड देना चाहिए। कांग्रेस मोहब्बत की दुकान लगाकर नफरत का सामान बेच रही है। यह उसकी नीति है।

# अक्टूबर के पहले पखवाड़े में हो जाएगी उपचुनाव की अधिसूचना जारी !

## 29 सितंबर से पहले बूथ कमेटी के सीएम निर्देशों को समझ गए हैं भगवाधारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद आए। यहां पर उन्होंने रोजगार मेले में सरकार की उपलब्धियां बताईं, विपक्ष को घेरा और फिर उसके बाद उन्होंने 200 कार्यकताओं के साथ लंच किया। माना ये जाता है कि लंच तो एक बहाना था और असली मकसद कार्यकताओं को चुनावी रणनीति समझाना था। यहां मुख्यमंत्री ने चुनावी तैयारियों को लेकर पूरी फीडबैक ली और उनका पूरा जोर बूथ कमेटियों के गठन पर था। उन्होंने कहा कि हमें 75 प्रतिशत वोट चाहिए और हमें जनता के बीच जाना होगा। यहां पर मुख्यमंत्री जो शब्द कहे उन शब्दों के संकेत सरकार के अधिकारी भी समझ रहे हैं और भगवाधारी भी समझ रहे हैं।




मुख्यमंत्री ने अपनी बैठक में बूथ पर फोकस रखा और जब उन्होंने फीडबैक ली तो यहां संगठन पदाधिकरियों ने कहा कि वो पांच अक्टूबर तक बूथ कमेटी का गठन कर लेंगे। इस पर मुख्यमंत्री छह दिन आगे का समय देने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर नहीं 29 सितंबर तक बूथ कमेटी फाइनल करो। सूत्र बताते हैं कि यही से भाजपा पदाधिकारियों ने और सरकार के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के शब्दों में छिपे संदेश को पकड़ लिया है। सूत्र बताते हैं कि अब अक्टूबर माह के पहले पखवाड़े में ही शहर विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी। ये माना जा रहा है कि नवंबर के महीने में चुनाव हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि अधिकारी स्तर पर भी यही सूचना प्राप्त हो रही है कि अक्टूबर माह के मध्य में अधिसूचना जारी होनी है। दो अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर के बीच में कभी भी उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो जाएगी। बताया जाता है कि शैड्यूल इस तरीके से रखा गया है कि दिवाली पर त्योहार और व्यापार प्रभावित न हो। इसके अलावा नवंबर महीने में चुनाव होना तय माना जा रहा है।

# जब पिता सतेन्द्र सिसौदिया की मौजूदगी में मिला बिटिया सान्वी को सीएम से सम्मान
## दोनों मुख्यमंत्री के साथ मंच पर थे और दोनों ही थे इस बात से अंजान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कभी कभी कुछ पल ऐसे होते हैं जो यादगार बन जाते हैं। कुछ किस्से ऐसे हो जाते हैं कि वो जीवन के मधुर हिस्से हो जाते हैं। पिता और पुत्री की केमस्ट्री सभी जानते हैं और कभी ऐसा भी होता है कि समय अपनी मिस्ट्री लेकर चलता है और जब ये मिस्ट्री अनफोल्ड होती है तो फिर माहौल खुशनुमा हो जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद आये तो उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टेबलेट वितरित किये। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था और सबकुछ व्यवस्थित था। मंच पर विद्यार्थियों को टेबलेट और स्मार्टफोन वितरित हो रहे थे। पार्टी के विधायक, पार्टी के सांसद और संगठन के पदाधिकारी मंच पर थे। लेकिन यहां पर एक घटनाक्रम का पंच ऐसा था कि जिसके बारे में सभी अनजान थे। ये एक ऐसा पल था जो एक पिता को नहीं पता था कि उनकी बेटी मंच पर मुख्यमंत्री से सम्मानित होने जा रही है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया की बिटिया सान्वी आईएमएस कॉलेज से बीबीए की सैकण्ड ईयर छात्रा है। जब मुख्यमंत्री गाजियाबाद आये और उन्होंने मेघावी छात्रों को टेबलेट और मोबाईल फोन वितरित किये तो इस लिस्ट में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया की पुत्री का भी नाम था। सतेन्द्र सिसौदिया को ये एहसास भी नहीं था उनकी बिटिया की उनसे ही मुलाकात मुख्यमंत्री के मंच पर होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर थे और इसी मंच पर उनके साथ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया थे। यहां जब एक छात्रा मंच पर आई और उसे मुख्यमंत्री ने टेबलेट और स्मार्टफोन दिया तो चौंकने की बारी भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया की थी। क्योंकि ये उनकी बिटिया सान्वी थी और उन्हें पता नहीं था कि उनकी भी बेटी मुख्यमंत्री के मंच पर सम्मानित हो रही है। जब सतेन्द्र सिसौदिया की बिटिया सान्वी टेबलेट लेकर जाने लगी तो उस समय क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि यह मेरी बेटी सान्वी है। मुख्यमंत्री भी हैरान हुए और फिर उन्होंने सान्वी को अपने पास बुलाया। इसके बाद वो पल आया जब मंच पर एक ही फ्रेम में बिटिया सान्वी, उसके पापा सतेन्द्र सिसौदिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे। मंच पर संगठन के और भी लोग थे और ये लम्हा यादगार बना।

# कमिश्नरेट में चर्चा है तेज
## जल्द बदले जाएंगे कुछ प्रभारियों के फेस

### रडार पर आ सकते हैं कई थाना प्रभारी
### कई जोन में चल रहा है अधिकारियों और प्रभारी के बीच खींचतान वाला केस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कब किस जोन में किस थाना प्रभारी का विकेट गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कुछ थाना प्रभारियों का अपने ही इलाके वाले और जोन वाले साहब लोगों से मामला टाइट चल रहा है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आने वाले कुछ दिनों के भीतर कई विकेट गिर सकते हैं।

साथ ही कई चौकी प्रभारी भी रडार पर आने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही एक मिनी तबादला लिस्ट जारी हो सकती है।

### देहात और नदियापार को लेकर आ सकते हैं कुछ नाम बाहर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट देहात जोन के कई थानाक्षेत्र में प्रभारी की वर्किंग से ज्यादा उनके बिहेवियर की चर्चा हो रही है। सूत्र बता रहे हैं कि देहात जोन के दो थानों के प्रभारी के विकेट कभी भी गिर सकते हैं। इसके साथ ही ट्रांस हिंडन जोन से भी बदलाव वाली एक थाने को लेकर सूचना मिल सकती है। बताया जा रहा है कि इन तीनों के डीसीपी स्तर के अधिकारी इनकी वर्किंग से संतुष्ट नहीं चल रहे हैं। साथ ही इनकी वर्किंग को लेकर भी कई तरीके के प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं।




### क्या कई चौकी प्रभारी भी आएंगे रडार पर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सूचना मिल रही है कि आने वाले दिनों में कुछ टू-स्टार की तबादला लिस्ट जारी हो सकती है। इसमें कई चौकी प्रभारी ऐसे हैं जिनको चौकी से लाइन का रास्ता दिखाया जा सकता है। वहीं बताया जा रहा है कि इनके कई मामलों की शिकायत उच्च अधिकारियों को पहुंची है, जिसके बाद इन पर कार्रवाई वाली तलवार लटक चुकी है।

# भाजपा नेता मयंक गोयल की आवाज को क्लोन कर साइबर ठगी का प्रयास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साईबर ठग आजकल तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ये खबर आपको अलर्ट भी करेगी कि किस तरह आपको साईबर ठगों की ठगी से सावधान रहना है। गुरूवार को ऐसा ही मामला भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल के साथ घटा। उनकी आवाज का क्लोन बनाकर साईबर ठगों ने भाजपा के ही दूसरे नेता से पैसा की डिमांड कर डाली। इस सम्बन्ध में भाजपा नेता मयंक गोयल ने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता कुंजन पंडित के फोन पर मयंक गोयल का फोन आया। जिसमें उन्होंने खुद के अस्पताल में एडमिट होने की बात कही। कुंजन पंडित को इस मामले में शक हुआ तो इसकी जानकारी उन्होंने मयंक गोयल को दी। ये मामला पूरी तरह फर्जी निकला।

# क्या कमिश्नरेट में नए थानों की प्लानिंग पर लग गया है ब्रेक
## ऐसा लग रहा है अब थानों का निर्माण होगा और भी लेट

### 11 थानों की लिस्ट चल रही है पेंडिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बने लंबा समय हो चुका है। कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अब तक केवल दो ही नए थानों का शुभारंभ हो पाया है। जिसमें अंकुर विहार और शालीमार गार्डन शामिल है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यहां के शीर्ष अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री असीम अरुण को गाजियाबाद में 40 से अधिक थानों की संख्या में इजाफा होने की लिस्ट दी थी। साथ ही 11 नए थाने जल्द ही बनाए जाने का प्रस्ताव भी भेजा गया था। बीते लंबे समय से नए थानों के मामले की फाइल अटकी बताई जा रही है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया होने के बाद अभी यहां किसी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव की वजह से नए प्रस्तावों पर अभी कोई विचार नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से थानों के नवसृजन का मामला फाइलों में ही अटका हुआ चल रहा है।




### पुराने कई थाने चल रहे हैं चौकियों से, नए के लिए प्रयास जारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने से पहले लगभग पांच थाने बने थे और कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद दो नए थानों का निर्माण हुआ है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वर्तमान में सात ऐसे थाने हैं जो चौकियों से संचालित हो रहे हैं। इसमें एक थाना सिटी जोन के अंतर्गत और देहात और ट्रांस हिंडन जोन के कई थाने शामिल हैं। कमिश्नरेट में जो सात थाने चौकियों में ही चल रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से अंकुर विहार, लोनी बॉर्डर, शालीमार गार्डन, कौशांबी, टीलामोड़, मधुबन बापूधाम और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने हैं। इनके लिए संपत्ति व भवन सेल जमीन तलाश रही है लेकिन, जमीन नहीं मिलने के कारण ये चौकियों में ही चलाए जा रहे हैं। वहीं सभी थानों को बने लंबा समय हो गया है, यहां पुलिस विभाग का लंबा इंफ्रास्ट्रक्चर लग चुका है,पर अभी उनके मुख्य और नए थाने कहां ट्रांसफर किए जाएंगे ,यह स्थिति अभी क्लियर नहीं हो पा रही है।

### अवंतिका से लेकर राजनगर एक्सटेंशन पर लगा हुआ है ब्रेक

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए 11 थाने बनने थे, उसमें प्रमुख रूप से अवंतिका, सिद्धार्थ विहार, लोहियानगर, राजनगर एक्सटेंशन, दमोदर विहार, वसुंधरा, रामपार्क, गंगनहर, इंद्रपुरी, बंथला व नीति खंड का नाम शामिल था लेकिन बीते 22 महीनों के दौरान किसी नए थाने का प्रस्ताव को ना तो मंजूरी मिली है और ना नए थाने का कोई कार्य प्रारंभ हो पाया है। बता दें कि अभी भी कई थाने ऐसे हैं जिनका क्षेत्रफल और आबादी बड़ी संख्या में होने के बावजूद वहां थाने को मंजूरी नहीं मिल पाई है।

### अधिकारियों का रहा था दावा, नए थानों के निर्माण से कंट्रोल होगा क्राइम

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद अधिकारियों ने दावा किया था कि गाजियाबाद की आबादी बहुत अधिक है। यहां कई नए थाने बनाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए 40 थानों का प्रस्ताव बनाया गया था कि कमिश्नरेट के अंतर्गत 40 थाने हो लेकिन अभी भी 11 थानों के नाम को लेकर वेटिंग वाली स्थिति बनी हुई है। अधिकारियों ने यह भी कहा था कि अगर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में थानों की संख्या में इजाफा होगा तो इसका लाभ जनता और क्राइम कंट्रोल करने में साफ नजर आएगा लेकिन 22 महीनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी नए थाने के बोर्ड लगने और उद्घाटन होने का वेट करते देखे जा सकते हैं।

# जिन लोगों ने अयोध्या को रामभक्तों के लहू से सींचा वो जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से करोड़ों राम भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने से सुरक्षा और विकास का वातावरण बना है। आज भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है तो इनके सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या को रामभक्तों के लहू से सींचने का काम किया है वो आज अयोध्या में जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ है बल्कि विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीन के बदले 1700 करोड़ रुपये का मुआवजा लोगों को दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अयोध्या को एक हजार चार करोड़ 74 लाख 63 हजार की कुल 83 परियोजनाओं की सौगात देते हुए लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यूपी में बने सुरखा और विकास के माहौल का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं। अब प्रदेश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। डबल इंजन की सरकार ने साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस को दंगा फैलाने का अवसर मत दो।

### अयोध्या के दीपोत्सव से सपा के मुखिया और पाकिस्तान को तकलीफ होती है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में हर साल होने वाले दीपोत्सव से रामभक्तों को खुशी होती है पर इससे सिर्फ दो लोगों को तकलीफ होती है एक सपा के मुखिया को दूसरे पाकिस्तान को। क्योंकि पाकिस्तान को पता है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दिया मानवता के लिए कैंसर बन चुके पाकिस्तान को नेस्तनाबूत करने की सामर्थ्य भी रखता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में हो रहे दीपोत्सव से सपा को इसलिए तकलीफ होती है क्योंकि ये अंधेरे में रहने के अभ्यस्त हैं क्योंकि अंधेरे में ही डकैती डालने का काम करते हैं।

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने की अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक





**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर ने गुरुवार को तहसील लोनी में पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, तहसील नगरपालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग व अन्य विभाग के साथ लोनी में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिल्ली सहरानपुर मार्ग को यथाशीघ्र बनाने एवं बेहटा नहर मार्ग निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

## दो साल में यूपी में होंगे दो विधानसभा चुनाव 2029 में होगा मध्यावधि मतदान

**लखनऊ।** अगर वन नेशन-वन इलेक्शन की व्यवस्था लागू होती है तो यूपी में 2027 में चुनी गई विधानसभा का कार्यकाल 2029 तक ही होगा। इसके पहले 1991 और 1996 में लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनाव एक साथ हो चुके हैं। यूपी में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद जो भी सरकार बनेगी, उसका कार्यकाल मात्र दो साल का ही होगा। ह्यवन नेशन-वन इलेक्शन की व्यवस्था लागू होने पर यहां दो साल के भीतर दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे। प्रदेश में वर्ष 1991 व 1996 में भी लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए थे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कहते हैं कि रामनाथ कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि वर्ष 2024 के बाद देश में जिस भी राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे, उसका कार्यकाल 2029 में लोकसभा के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इस तरह से देखें तो यूपी में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा।

## राहुल गांधी के खिलाफ बयान पर केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर, बोले माफी नहीं मांगूंगा





**नई दिल्ली।** कर्नाटक के एक कांग्रेस पदाधिकारी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह एफआईआर बंगलूरू के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर सिखों को लेकर बयान दिया था, जिस पर रवनीत बिट्टू ने उन्हें आतंकी बता दिया था। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ और कर्नाटक में रवनीत बिट्टू के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

कर्नाटक के एक कांग्रेस पदाधिकारी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (गलत सूचना के आधार पर बयान देना या अफवाह फैलाना), 192 (दंगे कराने के मकसद से भडकाऊ बयान देना), 196 (दो समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने) के तहत बंगलूरू के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं जब रवनीत बिट्टू से मीडिया द्वारा पूछा गया कि क्या उन्हें राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर खेद है? तो रवनीत बिट्टू ने कहा कि 'मुझे खेद क्यों होगा? हमने पंजाब में पूरी एक पीढ़ी को खो दिया। गांधी परिवार ने पंजाब को जलाया। मेरा दर्द बतौर एक सिख है। मैं मंत्री बाद में हूं, लेकिन एक सिख पहले हूं। अगर पन्नू राहुल गांधी के बयान का समर्थन करता है तो अब क्या कह सकते हैं?'

## जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार : श्रीनगर में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जब मैं जम्मू-कश्मीर आया था, तो मैंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की बबार्दी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से, दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक, ये लोग बौखलाए हुए हैं। इन तीन खानदानों को लगता है कि इन पर कोई कैसे सवाल उठा सकता है, इन्हें लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आप सभी को लूटना इनका पैदाइशी हक है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही, इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने, जम्मू-कश्मीर को सिर्फ, तशद्दुत यानी डर और इंतशार यानी अराजकता ही दी है। लेकिन अब जम्मू-कश्मीर, इन तीन खानदानों के शिकंजे में रहने वाला नहीं है। अब हमारा यहां का नौजवान इनको चैलेंज कर रहा है। जिन नौजवानों को इन्होंने आगे नहीं बढ़ने दिया। वही नौजवान अब इनके खिलाफ



मैदान में उतर आए हैं। इन तीन खानदानों के राज में जम्मू-कश्मीर के नौजवानों ने जो तकलीफ सही है वो अक्सर बाहर नहीं आ पाता। आज वादी के 25-30 साल के नौजवान पढ़ाई लिखाई से वंचित रह गए, या कॉलेज तक पहुंचने में देश के बाकी बच्चों से ज्यादा साल लगे। ये इसलिए नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर के हमारे नौजवान फैल हुए, बल्कि इस वजह से हुआ क्योंकि कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन खानदान फेल हुए थे। पीएम मोदी ने कहा कश्मीर में जो दुकान जलाए गए वो आग भी इनके नफरत के बाजार में ही बिकती थी। ये लोग नए स्कूल नहीं बनाते थे और जो स्कूल थे ये लोग आग के हवाले करने वालों को शह देते थे और जो स्कूल बच गए, उसमें कई-कई महीनों तक पढ़ाई नहीं हो पाती थी। हमारे नौजवान स्कूल, कॉलेज से दूर थे। ये तीन खानदान उनके हाथों में पत्थर थमाकर खुश रहते थे। इन लोगों ने अपने फायदे के लिए हमारे बच्चों का भविष्य को बर्बाद किया।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी एक और पीढ़ी को मैं इन 3 खानदानों के हाथों तबाह नहीं होने दूंगा। इसलिए यहां अमन की बहाली के लिए मैं पूरी ईमानदारी से जुटा हूं। आज देखिए, पूरे जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं। बच्चों के हाथ में कलम है, किताबें हैं, लैपटॉप है। आज स्कूलों में आग लगने की खबरें नहीं आती, बल्कि आज यहां नए स्कूल, नए कॉलेज, एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी बनने की खबरें आ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सब का मकसद जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की है, जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की का जज्बा और बुलंद करने के पैगाम के साथ आज मैं आपके बीच आया हूं। मैं देख रहा हूं कि आज मेरे कश्मीर के भाई-बहन खुशामदीद पीएम कह रहे हैं। मैं तहेदिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं। जम्मू-कश्मीर में इस वक्त जम्हूरियत का त्यौहार चल रहा है। कल ही यहां 7 जिलों में पहले दौर की वोटिंग खत्म हुई है। पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना मतदान हुआ। हम सभी के लिए खुशी और गर्व की बात है कि इतनी बड़ी तादाद में लोग वोटिंग के लिए अपने घरों से बाहर निकले। पीएम मोदी ने कहा कि यहां के तीन खानदानों ने रियत और कश्मीरियत दोनों को रौंदा है, ये अपने खानदान के अलावा किसी और को आगे आने ही नहीं देना चाहते। इन्होंने डीडीसी, बीडीसी और पंचायत के चुनाव को क्यों रोका। इनको लगता था कि इससे नए लोग सियासत में उभरेंगे। ऐसे लोग जो इनके खानदानी निजाम को चैलेंज करेंगे।

## 21 को आतिशी का शपथ ग्रहण समारोह पांच कैबिनेट मंत्री भी लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद सीएम बनने जा रहीं आतिशी 21 सितंबर को शपथ लेंगी। इसी दिन उनकी पूरा मंत्रिमंडल भी शपथ लेगा। आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। आतिशी के साथ शपथ कैबिनेट मंत्री लेंगे। दिल्ली में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। मुकेश अहलावत भी कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। दिल्ली को एक नया कैबिनेट मंत्री मिलेगा। मुकेश अहलावत सुल्तानपुरी से विधायक हैं। यह अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। यह राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल छह मंत्री होते हैं। अभी पांच मंत्री शपथ लेंगे मुख्यमंत्री के साथ। एक मंत्री की जगह अभी खाली है जो आतिशी की जगह पर बनेंगे।



आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा कि आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी, उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार के गठन के प्रस्ताव के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा था। इससे पहले मंगलवार अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले अपने उत्तराधिकारी के तौर पर आतिशी को चुना। मंगलवार शाम राजनिवास पहुंचे केजरीवाल ने केजरीवाल ने एलजी का सौंपा। साथ में आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

### पहली कैबिनेट में महिला सम्मान योजना

आम आदमी पार्टी से विधायक दल की नेता चुनी गई आतिशी के नेतृत्व में बन रही दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट में दिल्ली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पास हो सकती है। संभावना जताई जा रही है कि अक्तूबर के पहले सप्ताह नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होनी है। इस बैठक में कई विषयों पर चर्चा होगी। इसमें प्रमुखता के साथ दिल्ली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर चर्चा होगी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने बजट में दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस योजना के तहत दिल्ली में 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को प्रति माह एक हजार रुपये देने का लक्ष्य है। हालांकि नौकरीपेशा या आर्थिक लाभ अर्जित कर रही महिला को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड की बिल माफी योजना सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

### 10 साल बाद मुख्यमंत्री के पास हो सकता है विभाग

आप सरकार में 10 साल बाद मुख्यमंत्री के पास कोई विभाग हो सकता है। उम्मीद की जा रही है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी शिक्षा, लोक निर्माण विभाग सहित महत्वपूर्ण विभागों को अपने पास रखेंगी जबकि इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पास कोई विभाग नहीं रखा था। हालांकि कुछ समय के लिए जल विभाग को देखा था, लेकिन एक समय के बाद उस विभाग को भी छोड़ दिया था।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले: जो विरोध में बोलेगा, वह देश का हित नहीं चाहता

**ग्वालियर।** ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, बार-बार चुनावों की वजह से प्रशासन और पुलिस को समय और संसाधन बर्बाद करने पड़ते हैं। देश में वन नेशन वन इलेक्शन का कैबिनेट के द्वारा प्रस्ताव पास होने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बयान सामने आया है। सिंधिया ने कहा है कि देश में जब बार-बार चुनाव होते हैं तो सबको भुगतना पड़ता है। जब बार-बार चुनाव होते हैं तो प्रशासन के साथ-साथ पुलिस को पूरे देश भर में तैनात करना पड़ता है, जिससे समय की बबार्दी होती है। इस निर्णय को लेकर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद अर्पित करता हूं। जैसे महिलाओं के आरक्षण का बिल पास हुआ था, उसके बाद वन नेशन और वन



इलेक्शन का निर्णय भी भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। अब देश में लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक साथ और 100 दिन के अंदर सारे चुनाव एक साथ किए जाएंगे। बार-बार चुनावों की वजह से जो देश में विकास अवरूद्ध होता है, वह नहीं होगा और हमारा देश निरंतर विकास करेगा। इसके अलावा सिंधिया ने कहा, इसके विरोध में बोलने का न किसी को अधिकार है और नहीं कोई विचार है। जो इसके विरोध में बोलेगा, वह देश का हित नहीं चाहता और नहीं देश का विकास चाहता है। वो केवल अपनी कुर्सी चाहता है। जो इसका विरोध करेगा वह देश के हित के बारे में नहीं सोचता। इसमें सब आमंत्रित है, अगर आपको लगे कि आप जीतने वाले हो, तो अपनी किस्मत आजमाओ...इसलिए इस अभियान को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना होगा कि किस तरीके से जनहित का मुद्दा हमारे प्रधानमंत्री जी ने उठाया है।

## ख्वाजा आसिफ के बयान पर बोले गृह मंत्री अमित शाह, 'कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आर्टिकल-370 पर ख्वाजा आसिफ के बयान को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल-370 और 35(ए) पर कांग्रेस और जेकेएनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान के बहाने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और वरिष्ठ पत्रकार हामिद मीर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आर्टिकल-370 को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसे लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस भाजपा के निशाने पर आ गई है। इस वीडियो में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जियो टीवी को दिए साक्षात्कार में कहा कि आर्टिकल-370 की बहाली पर पाकिस्तान कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल-370 और 35 (ए) पर कांग्रेस और जेकेएनसी के



समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुनः यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।" उन्होंने आगे लिखा, "एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों, या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करनी हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल-370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद।"

## आतंकी गढ़ रहे पुलवामा-शोपियां में सात चुनाव बाद रिकॉर्ड मतदान, किश्तवाड़ अव्वल

**जम्मू।** पहले चरण में सात जिलों की 24 सीटों के लिए 61.13 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। चुनाव आयोग के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.14 फीसदी और पुलवामा में सबसे कम 46.65 फीसदी मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर में एक दशक बाद हो रहे विधानसभा चुनाव में लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लिया। पहले चरण में सात जिलों की 24 सीटों के लिए 61.13 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। चुनाव आयोग के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.14 फीसदी और पुलवामा में सबसे कम 46.65 फीसदी मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने



बताया कि कई क्षेत्रों में जहां पारंपरिक वोट प्रतिशत न्यूनतम रहता था, वहां रिकॉर्ड मतदान हुआ है। इसमें दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और शोपियां जिले में विगत चार लोकसभा चुनाव व तीन विधानसभा चुनाव के बाद अधिकतम मतदान हुआ। इन इलाकों को आतंक का गढ़ माना जाता था। पोले ने कहा, शांतिपूर्ण चुनाव के कारण कहीं भी पुनर्मतदान कराने की जरूरत नहीं है। इस चरण में 7.14 लाख मतदाताओं ने 219 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया। चिनाब घाटी के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन में आठ सीटों के 1,328 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह और शाम को लंबी कतारें देखी गईं। पर्यावरण संबंधी चिंताओं को लेकर संदेश देने के लिए हरित मतदान केंद्र भी बनाए गए थे। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां शामिल हैं।

### 35 हजार कश्मीरी पंडितों ने डाले वोट

देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा कश्मीरी पंडितों ने भी मताधिकार का उपयोग किया। विस्थापित पंडितों के लिए 24 विशेष बूथ बनाए गए थे। इनमें जम्मू में 19, दिल्ली में 4 और उधमपुर में एक बूथ बनाया था। उल्लेखनीय है, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने व तत्कालीन राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह पहला विधानसभा चुनाव है।

### किश्तवाड़ ने बाजी मारी... 80% मतदान

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में नापाक इरादों और हिंसा को दरकिनार कर अवाम ने शांति, सौहार्द और सद्भावना के लिए छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक बंपर मतदान किया। किश्तवाड़ जिले की तीन विधानसभा सीटों पर मतदाताओं ने सर्वाधिक उत्साह दिखाया और रिकॉर्ड (80.14%) मतदान किया।

### दिल्ली के नए कैबिनेट मंत्री के रूप में लेंगे शपथ मुकेश अहलावत



**नई दिल्ली।** मुकेश साल 2020 में पहली बार विधायक बने। मुकेश अहलावत सुल्तानपुरी से विधायक हैं और यह अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। आतिशी 21 सितंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे, इनमें मुकेश अहलावत का भी नाम शामिल है। मुकेश पहली कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। मुकेश सुल्तानपुर माजरा से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं।

कार्यालय मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 025/निर्माण/2024-25 दिनांक : 19.09.2024

ई-टेण्डर निविदा सूचना

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे क्र.सं.-01 से 57 दिनांक 26.09.2024 अपरान्हः 3.00 तक, क्र.सं.-58 से 334 दिनांक 04.10.2024 अपरान्हः 3.00 तक, क्र.सं.-335 से 337 दिनांक 10.10.2024 अपरान्हः 3.00 बजे तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को क्र.सं.-01 से 57 दिनांक 26.09.2024 सांय 4.00 बजे, क्र.सं.-58 से 334 दिनांक 04.10.2024 सांय 4.00 बजे, क्र.सं.-335 से 337 दिनांक 10.10.2024 सायं 4.00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) बेबसाईट https://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शुक्रवार 20 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का जूस दुकानदारों को अल्टीमेटम, कहा -

# दो दिन में बिना लाइसेंस वाली दुकानें नहीं हुईं बंद तो खुद करूंगा कार्रवाई

### सीएम से पॉजिटिव मीटिंग के बाद फिर एक्टिव मोड में आए लोनी विधायक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर फिर एक बार चर्चा में हैं। गुरुवार को वह लोनी विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में गए और वहां जूस की दुकान करने वाले दुकानदारों और खुले में फल बेच रहे दुकानदारों को फटकार लगाई। साळा ही लोनी विधायक ने कहा है कि जिन लोगों पर लाइसेंस नहीं है उनके लिए दो दिन का अल्टीमेट टाइम है, वह यहां से दुकान बंद करें और दिल्ली में जाएं, वहां जूस पिलाएं। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि लोनी में किसी भी प्रकार की अराजकता और जिस तरीके से लोनी में इंदिरापुरी चौकी क्षेत्र में जूस कॉर्नर पर यूरिन मिलाकर पिलाने का मामला आया था, उसको लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से यहां तक कहा कि यहां जूस ना बेंचे, यहां गरीब लोग रहते हैं, दिल्ली जाएं वहां पैसे वाले लोग रहते हैं। बता दें कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर बीते दिनों जूस में यूरिन प्रकरण को लेकर काफी नाराज हुए थे। उन्होंने इसको लेकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी, तो वहीं गुरुवार को उन्होंने अधिकारियों को फिर चेतावनी दी है कि अगर दो दिन में इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह खुद सड़क पर उतरकर कार्रवाई की कमान संभालेंगे।

### विधायक लोनी ने कहा दिल्ली के सीलमपुर-मुस्तफाबाद जाओ, वहां जूस पिलाओ

**करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गुरुवार को जूस की दुकान चलाने वाले दुकानदारों को कहा है कि बिना लाइसेंस चल रही दुकानों को अगले दो दिन के भीतर बंद किया जाए। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि दिल्ली के सीलमपुर-मुस्तफाबाद जाओ वहां जूस पिलाओ। इस दौरान जूस दुकानदार से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा लाइसेंस है, तो दुकानदार ने गर्दन खिलाकर जवाब ना में दिया जिस पर विधायक ने कहा दिल्ली में जाओ, लोनी में सब गरीब आदमी हैं, कोई जूस नहीं पीता, दिल्ली में पैसे वाले लोग रहते हैं। मुस्तफाबाद और सीलमपुर जाओ वहां जाकर जूस पिलाओ। इस दौरान विधायक ने अन्य दुकान वालों को भी चेतावनी दी है कि अगर यहां किसी ने जूस में कोई गड़बड़ी की तो वह चुप नहीं बैठेंगे।



### मुख्यमंत्री ने लिया था लोनी के यूरिन जूस प्रकरण का संज्ञान



**करंट क्राइम :** सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस तरह पिछले दिनों लोनी बॉर्डर क्षेत्र में जूस में यूरिन मिलाकर बेचने का मामला सामने आया था, इस मामले में पुलिस ने दुकान से एक प्लास्टिक कैन में यूरिन रिकवर किया था। इसके बाद एक लीटर यूरिन होने का दावा किया गया था। इसे पुलिस की टीम ने एफएसएल जांच के लिए भी भेजा है, हालांकि दुकानदार आमिर का कहना था कि यह इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था, जब इन लोगों को टॉयलेट जाना होता था तो यूरिन को इकट्ठा करके केन में भर लेते थे और फिर नाले में डालते थे। बता दें की 18 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के दौरे पर आए हुए थे, उन्होंने इस दौरान यहां विधायक नंदकिशोर गुर्जर से इस प्रकरण को लेकर जानकारी भी हासिल की थी।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है विधायक का वीडियो

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का जूस की दुकान चलाने वाले लोगों को चेतावनी भरा यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कई प्रमुख लोगों ने इस वीडियो को ट्विटर पर भी साझा किया है। वहीं इस पर अलग-अलग टिप्पणी भी सामने आ रही है।

# क्यों उठानी पड़ी इंद्रजीत सिंह टीटू को भाजपा दरबार में ये आवाज

## भाजपा के सम्मेलन और सभा में रालोद को भी मिले मंच पर स्थान और सम्मान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की राजनीति अपने ट्रैक पर चलती है। राष्ट्रीय लोकदल वैसे भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक्टिव है और अब वो भाजपा के गठबंधन का साथी है। रालोद के मुखिया जयंत चौधरी गठबंधन में ही केंद्र सरकार में मंत्री हैं। गाजियाबाद में रालोद के नेता किसानों से जुड़े मुद्दे उठाते हैं। हैंडपंप के नेता हरित प्रदेश से लेकर गन्ना किसानों की बात करते हैं। जन मुद्दों पर रालोद के नेताओं का स्टेंड गठबंधन धर्म को निभाता दिखाई देता है। अब रालोद के नेता विपक्ष में नहीं है वो सरकार का हिस्सा हैं। लोकसभा चुनाव के बाद रालोद का सियासी मूवमेंट भी बदल गया है। कल तक उसके नेता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, तेजपाल चौधरी, अमरजीत सिंह बिड्डी, अजयवीर चौधरी, अजय प्रमुख, रविन्द्र चौहान मुद्दे उठाते थे, लेकिन अब गठबंधन होने के बाद ये सभी साइलेंट मोड पर हैं। रालोद के धरने प्रदर्शन बंद हैं। ऐसे में रालोद का हैंडपंप सियासी गतिविधियों के सूखे से जूझ रहा है और सरकार वाले उन्हें साथ नहीं ले रहे। ऐसे में लोकदल नेताओं के मन की बात को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने उठाया है। बड़ी बात ये है कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और रालोद के गठबंधन धर्म को याद दिलाते हुए रालोद नेताओं के सम्मान की बात उठाई। ये पत्र वो अपनी पार्टी के मुखिया को भी लिख सकते थे, लेकिन यहां इंद्रजीत सिंह टीटू ने अपना पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम लिखा। बेहद सधी हुई भाषा में इंद्रजीत सिंह टीटू ने गठबंधन की याद दिलाई और उपचुनाव का जिक्र करते हुए मंच पर भागीदारी की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने सहयोगियों को बराबर का सम्मान देना होगा।

### देना होगा बराबर का सम्मान और मिलेगी मंच पर भागीदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रालोद के माइनोरटी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और कहा कि भाजपा बड़े भाई की भूमिका में है और छोटे भाई की भूमिका में राष्ट्रीय लोकदल है। आप तक मैं राष्ट्रीय रोकदल के नेता और कार्यकर्ता की बात का पहुंचाने का प्रयास कर रहा हूं। उम्मीद करता हूं आप मेरी बात से सहमत होंगे और संगठन को आदेशित करेंगे। अब कोई भी बड़ा कार्यक्रम होगा तो जब तक यूपी में उपचुनाव नहीं हो जाते और ऐसे कार्यक्रम जिनमें आप तथा आपके मंत्री आएंगे उसमें रालोद नेताओं को भी जातिगत समीकरण बनाते हुए मंच पर भागीदारी मिलेगी। इंद्रजीत सिंह टीटू ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि उपचुनाव गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। हमको अपने सहयोगियों को बराबर का सम्मान देना होगा अगर हमको ये लड़ाई जीतनी है। इंद्रजीत सिंह टीटू ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आशा ही नहीं उम्मीद की है कि अगली बार कोई भी बड़ी पब्लिक मीटिंग होगी तो उसमें राष्ट्रीय लोकदल को पूर्ण सम्मान मिलेगा।

## ये खबर कर देगी आपको आंखों को नम

# जिस दिन था भाजपा नेता का जन्मदिन, उसी दिन माता का हुआ निधन

### आज सुबह 10 बजे होगा हिंडन घाट पर अंतिम संस्कार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा की माताजी प्रभा देवी शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 70 वर्षीय प्रभा देवी शर्मा पिछले काफी समय से बीमार चल रही थीं। आज उनका अंतिम संस्कार सुबह दस बजे हिंडन घाट मौक्ष स्थल पर होगा। उनकी अंतिम यात्रा धीरज शर्मा के आवास एल-113 सैक्टर-23 संजयनगर से शुक्रवार की सुबह दस बजे शुरू होगी। उनका पार्थिव शरीर हिंडन मौक्ष स्थल पर ले जाया जाएगा। भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा की माता के निधन का समाचार सुनते ही शोक की लहर व्याप्त हो गई। जिसने भी यह समाचार सुना उसकी आंखे नम हो गई। इसकी बड़ी वजह ये है कि बेटे के जन्मदिन पर मां ने दुनिया को अलविदा कह दिया। एक तरफ बेटे का जन्मदिन था और दूसरी तरफ मां का निधन हो गया। धीरज शर्मा के लिये इस वर्ष यह दूसरी सबसे बड़ी क्षति है। कुछ महीने पहले ही अलीगढ़ में उनके पिता कैलाशचंद शर्मा का निधन हो गया था। अभी वह इस शोक से उबर नहीं पाए थे अब उनकी माताजी का निधन हो गया।

70 वर्षीय प्रभादेवी शर्मा लंबे समय से बीमार चल रही थीं और उनकी हालत लगातार बिगड़ रही थी। ये वजह थी की धीरज शर्मा ने गुरुवार को अपने जन्मदिन के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिये थे। वह अपनी माता के साथ अस्पताल में थे और इसीलिए उन्होंने अपना फोन भी स्विचऑफ कर लिया था।

# बिजली चोरी के खिलाफ बड़ा एक्शन, 32 लोगों पर हुआ मुकदमा

- लगाया गया 13 लाख रुपये का जुमार्ना
- 50 से अधिक स्थानों पर की गई कार्रवाई




**साहिबाबाद, करंट क्राइम ।** विद्युत निगम बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार छापेमारी कर रहा है। जोन दो में विद्युत निगम व विजिलेंस की टीम ने एक सप्ताह में 32 चोरों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। निगम ने इन पर करीब 13 लाख रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। विद्युत निगम जोन दो के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### कटिया डालकर चोरी हो रही थी बिजली

**करंट क्राइम ।** कोई कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहा था तो कोई मीटर के केबल में कट लगाकर चोरी कर रहा था। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए जुमार्ना लगाया गया है। बिजली चोरी करने वालों को नोटिस भेजकर आपत्ति दर्ज कराने के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद उनसे जुमार्ना वसूला जाएगा।

# कार्यकर्ताओं को लेकर साथ जन मुद्दों पर दे रहे हैं धार

## महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी की सधी और संतुलित कमेटी आ गई बाहर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कप्तानी वाली पैड बांधने के बाद मैच का रुख बदला है। जमाना देख रहा है कि जहां कांग्रेस संगठन में जान आई है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने वोटों में इजाफा किया है और सबसे बड़ी बात ये है कि छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर उलझने वाले कांग्रेसी अब एकसाथ चल रहे हैं। जन मुद्दों को लेकर कांग्रेस मैदान में आ रही है। लोकसभा चुनाव में डॉली शर्मा ने अपने वोटों के ग्राफ को बढ़ाया है। ई-रिक्शा का मामला था तो यहां कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी पूरी टीम के साथ उनके साथ आए। कुल मिलाकर ये कि उप चुनाव से पहले कांग्रेस अपने पुराने रंग में लौट रही है और यहां कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने अपनी कमेटी चुनाव अधिसूचना जारी होने से पहले घोषित कर दी है।

बड़ी बात ये है कि उन्होंने अपनी कमेटी में सभी को साथ लेते हुए गजब का संतुलन साधा है। यहां उन्होंने ओबीसी, मुस्लिम, महिला और ब्राह्मण फैक्टर का ध्यान रखा है। इस कमेटी में पुराने साथियों को स्थान मिला है और इस कमेटी में 11 उपाध्यक्ष हैं, 17 महासचिव हैं, 23 सचिव हैं और 1 कोषाध्यक्ष है। विजय चौधरी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति के बाद यह सूची जारी की है।

### त्रिलोक सिंह, पूर्व पार्षद मायादेवी सहित 11 उपाध्यक्ष कमेटी में

गाजियाबाद। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने अपनी कमेटी में पुराने और कर्मठ कांग्रेसी चेहरों को साधा है। एनएसयूआई से अपना कांग्रेस कॅरियर शुरू करने वाले त्रिलोक सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व पार्षद माया देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। ये दोनों चेहरे पहले सपा में चले गए थे अब ये कांग्रेस में लौट आए हैं। इसके अलावा इस्माइल खां, एहसान अली, हाजी खुर्शीद रंगरेज, अनुज चौधरी, संदीप भाटी, विनीत अजमानी, सिराजुद्दीन सिराज, हरीश गोयल को भी उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में वीर सिंह जाटव को भी उपाध्यक्ष पद दिया गया है।



### पूर्व पार्षद विकास खारी, कैप्टन विवेक सहित 17 महासचिव कमेटी में

गाजियाबाद। महानगर कांग्रेस कमेटी में 17 चेहरों को स्थान मिला है इनमें पूर्व पार्षद विकास खारी, कैप्टन विवेक के नाम शामिल हैं। इसके अलावा महासचिव बनने वालों में मनोज कुमार वर्मा, राजेंद्र ढिल्लो, ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र गौतम, राम शर्मा, रिजवान मलिक, लक्ष्मण सिंह, विपिन त्यागी, अमित गौड़, अमित यादव, अमित शर्मा, रितेश कसाना, डॉ. राधिक श्रीवास्तव, विक्रांत चौधरी, बलराज सिंह, अमित भारद्वाज के नाम शामिल हैं।

### सोनिया से लेकर दिलशाद मलिक के भी सचिव बनने वालों में नाम

गाजियाबाद। विजय चौधरी ने जो कमेटी घोषित की है उसमें 23 चेहरों को सचिव पद मिला है। सचिव बनने वालों में श्रीमती सोनिया भी शामिल हैं और श्रीमती ग्रेसी जॉन भी शामिल है। इसके अलावा राजा खान, मुजीब खां, रियाज अहमद, एहसान अर्थला, दिलशाद मलिक, फईम, आसिफ सिद्दीकी का नाम सचिव वाली लिस्ट में शामिल है। विजय चौधरी ने अपनी कमेटी में अमित इक्का, गौरव कौशिक, प्रेमचंद सैनी, राजकुमार शर्मा, राजू सिंह, संजय सिरोही, महकार सिंह पाल, धीरेंद्र पाल, कुलभूषण शर्मा, पवन शर्मा, राकेश बाली और सचिन चौधरी को भी सचिव बनाया है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा : एक चुनौती

हर देश अब डिजिटल क्षेत्र पर निर्भर है। डिजिटलीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति और डिजिटल दुनिया पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप साइबर खतरे बढ़ गए हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने में भारत अकेला नहीं है, साइबर खतरे एक विश्वव्यापी और राष्ट्रीय चिंता का विषय है जो सीमाओं से परे है। साथ ही साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम पहलू है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता देश है। देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 95 करोड़ से अधिक है। आज देश की 2,13,000 पंचायत इंटरनेट से जुड़ी हैं। साइबर स्पेस का दुरुपयोग कोई नई बात नहीं है और विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध अक्सर देखे जाते हैं जिनमें मैलवेयर हमले, फिशिंग, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले, डेटा चोरी, ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी, बाल पोर्नोग्राफी आदि शामिल हैं। बढ़ते साइबर खतरों का जवाब देने के लिए संगठनों के पास प्रभावी साइबर सुरक्षा नीतियां होनी चाहिए। साइबर हमले काफी नुकसान पहुंचाते हैं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को जोखिम में डालते हैं। भारत की अपर्याप्त साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता के कारण हैकर्स के लिए सिस्टम की खामियों और कमजोरियों का फायदा उठाना आसान हो जाता है। तंत्र को सभी प्रकार के साइबर खतरों के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक साइबर सुरक्षा नीति की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है और नरेंद्र मोदी सरकार इसे मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के पहले स्थापना दिवस समारोह में कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। 2015 में केंद्र की स्थापना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए की गई थी। ऐसे समय में जब देश में प्रौद्योगिकी को जमीनी स्तर तक ले जाया जा रहा है और अगर साइबर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो यह देश के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें सटीक तरीके से रणनीति बनाकर और उस पर एक साथ, एक ही दिशा में आगे बढ़ना होगा। साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और आई4सी के अन्य प्लेटफॉर्म्स के बारे में जागरूकता फैलाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी और अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए सभी राज्य सरकारों को अभियान से जुड़कर गांवों और शहरों तक जागरूकता फैलाने का काम करना होगा।

# वित्त मंत्री ने की एनपीएस वात्सल्य की शुरूआत माता-पिता बच्चों के लिए खोल सकेंगे पेंशन खाता

**नई दिल्ली।** एनपीएस खातों से निकासी के दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। योजना का शुभारंभ करते हुए सीतारमण ने कहा कि एनपीएस ने बहुत प्रतिस्पर्धी रिटर्न उत्पन्न किया है और लोगों को भविष्य की आय सुनिश्चित करते हुए बचत करने का विकल्प प्रदान करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत की, जिससे माता-पिता पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत कर सकेंगे। माता-पिता ऑनलाइन या बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य में शामिल हो सकते हैं। वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान 1,000 रुपये है। इसके बाद सब्सक्राइबर को सालाना 1,000 रुपये का योगदान देना होगा। एनपीएस खातों से निकासी के दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। योजना का शुभारंभ करते हुए सीतारमण ने कहा कि एनपीएस ने बहुत प्रतिस्पर्धी रिटर्न उत्पन्न किया है और लोगों को भविष्य की आय सुनिश्चित करते हुए



बचत करने का विकल्प प्रदान करता है। एनपीएस वात्सल्य बच्चों के लिए पहले से मौजूद एनपीएस का ही विस्तार है। पिछले 10 वर्षों में एनपीएस के 1.86 करोड़ ग्राहक हैं और इसकी प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 13 लाख करोड़ रुपये है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे एनपीएस वात्सल्य खाता खोल सकते हैं, जो 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर स्वतः ही नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाएगा। 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर ही खाते से पेंशन आएगी। सीतारमण ने कहा कि एनपीएस ने इक्विटी, कॉरपोरेट ऋण और जी-सेक में निवेश के लिए क्रमशः 14 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत रिटर्न उत्पन्न किया है। एनपीएस वात्सल्य की घोषणा जुलाई में प्रस्तुत वित्त वर्ष 25 के बजट में की गई थी। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित कई ऋणदाताओं ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस)- वात्सल्य शुरू करने के लिए पीएफआरडीए के साथ हाथ मिलाया है। आईसीआईसीआई बैंक ने मुंबई में अपने सेवा केंद्र पर एनपीएस वात्सल्य के तहत कुछ बच्चों के खाते पंजीकृत करके इस योजना का शुभारंभ किया। वित्तीय सेवा सचिव नागराजू मद्दिराला ने कहा कि सरकार ग्राहकों की प्रतिक्रिया पर ध्यान देगी और उसके अनुसार पेंशन योजना में सुधार करेगी। मद्दिराला ने कहा, जब से हमने प्रधानमंत्री वात्सल्य योजना के प्रस्तावित शुभारंभ की घोषणा की है।


# भारत, चीन को पछाड़ ग्लोबल एमएससीआई आईएमआई इंडेक्स में बना छठा सबसे बड़ा बाजार

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। इस कारण से अब भारत एमएससीआई ऑल कंट्री वर्ल्ड इन्वेस्टेबल मार्केट इंडेक्स (एसीडब्ल्यूआई आईएमआई) में चीन को पछाड़कर दुनिया का छठा सबसे बड़ा बाजार बन कर उभरा है। इस ग्लोबल इंडेक्स में दुनियाभर के पूंजीगत बाजारों के प्रदर्शन को ट्रैक किया जाता है। इसमें लार्जकैप के साथ मिडकैप शेयरों को भी शामिल किया जाता है। एमएससीआई एसीडब्ल्यूआई आईएमआई इंडेक्स में भारत का वेटेज अगस्त में 2.35 प्रतिशत था, जो कि चीन के वेटेज 2.24 प्रतिशत से 11 आधार अंक ज्यादा है। चीन की हिस्सेदारी इस इंडेक्स में 2021 के उच्चतम स्तर से करीब आधी हो गई है। वहीं, भारत की हिस्सेदारी इस दौरान दोगुनी हो गई है। भारत का वेटेज इस इंडेक्स में फ्रांस से बेहद मामूली अंतर 3 आधार अंक से ज्यादा है।



इस महीने की शुरूआत में भारत एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट (ईएम) आईएमआई इंडेक्स में चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत का वेटेज सबसे अधिक हो गया था। एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट आईएमआई इंडेक्स में दुनिया के 24 उभरते हुए बाजारों के मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का शामिल किया जाता है। मौजूदा समय में भारत एमएससीआई ईएम आईएमआई इंडेक्स में सबसे बड़ा उभरता हुआ बाजार है। वहीं, एमएससीआई एसीडबल्यूआई आईएमआई इंडेक्स में छठा सबसे बड़ा बाजार है, जो दिखाता है कि वैश्विक निवेश जगत में भारत का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। दुनियाभर के अहम बाजारों में भारत का वेटेज बढ़ने की एक अहम वजह अर्थव्यवस्था का तेजी से आगे बढ़ना, अच्छी आर्थिक स्थिति, महंगाई नियंत्रण में होना और सरकार की ओर से वित्तीय अनुशासन बनाए रखना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। 2024-25 में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

## शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई पर खुला, बैंकिंग शेयरों में तेजी



**मुंबई।** अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती के ऐलान के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई पर खुला। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। सुबह 9:20 पर सेंसेक्स 693 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 83,640 और निफ्टी 203 अंक या 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,569 पर था। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 83,684 और 25,587 का नया ऑल टाइम हाई बनाया है। बैंकिंग शेयर बाजार की तेजी का नेतृत्व कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 551 अंक या 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,302 पर था। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स पैक में सभी शेयर हरे निशान में थे। एनटीपीसी, विप्रो, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और सनफार्मा टॉप गेनर्स थे। बाजार में रुझान भी सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,584 शेयर हरे निशान में और 581 शेयर लाल निशान में थे। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 391 अंक या 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,144 और निफ्टी स्मॉलकैप 108 अंक या 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,498 पर था। एशियाई बाजारों के ज्यादातर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है।

# 2024 में टैक्स रिफंड 2 लाख करोड़ रुपये के पार, एक साल में हुई 56.49 प्रतिशत की बढ़त

**नई दिल्ली।** देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का असर देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह पर भी देखने को मिल रहा है। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 की शुरूआत से अब तक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 16 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली है। सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में (1 अप्रैल से 17 सितंबर) तक देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.12 प्रतिशत बढ़कर 9.95 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस दौरान टैक्स रिफंड में भी उछाल देखने को मिला है और यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 56.49 प्रतिशत बढ़कर 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गया है। 1 अप्रैल से 17 सितंबर के बीच शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है। यह सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 5.15 लाख करोड़ रुपये हो गया है।




इस दौरान कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 10.55 प्रतिशत बढ़कर 4.52 लाख करोड़ रुपये हो गया है। सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) का संग्रह बढ़कर 26,154 करोड़ रुपये हो गया है। अग्रिम कर संग्रह सालाना आधार पर 22.61 प्रतिशत बढ़कर 4.36 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अग्रिम व्यक्तिगत आय संग्रह में 39.22 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कॉरपोरेट टैक्स में 18.17 प्रतिशत की बढ़त हुई है। समीक्षा अवधि में रिफंड को मिलाकर सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.48 प्रतिशत बढ़कर 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष में सरकार की ओर से प्रत्यक्ष करों (व्यक्तिगत आयकर, कॉरपोरेट टैक्स और अन्य टैक्स) से 22.12 लाख करोड़ रुपये संग्रह करने का लक्ष्य तय किया गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष से करीब 13 प्रतिशत ज्यादा है। देश में प्रत्यक्ष कर संग्रह में बढ़त की वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। 2024-25 में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

## राशिफल

**मेष:** खुशियों से भरा एक अच्छा दिन। आने वाले निवेश के नए अवसरों पर विचार करें। लेकिन पैसा तभी निवेश करें जब आप उन योजनाओं का अच्छी तरह से अध्ययन करें।
**वृष:** आज का दिन एक नया तोहफा लेकर आया है। मन में कई सकारात्मक भावनाएँ आएंगी। इस राशि के बेरोजगार लोगों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।
**मिथुन:** काम की गुणवत्ता बनाए रखनी होगी। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। थकान और चिंता रहेगी। आज आपको किसी पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है।
**कर्क:** एक सज्जन के दिव्य वचन आपको संतुष्टि और सांत्वना देंगे। क्रेडिट मांगने वाले लोगों को अनदेखा करें। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को ताजा करने का दिन है।
**सिंह:** दिन सामान्य रहेगा। माता की कृपा से किए गए कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सेहत में उतार-चढ़ाव रहेगा।
**कन्या:** सुबह मन क्रोधित रहेगा। व्यर्थ का धन व्यय होगा। अगर किसी को गुमराह किया जा रहा है, तो उस पर नजर रख सकते हैं, लेकिन इसे गुप्त रूप से करना होगा।
**तुला:** आप में शीघ्र धन कमाने की प्रबल इच्छा होगी। ऐसा लगता है कि आप पारिवारिक मोर्चे पर बहुत खुश नहीं हैं और कुछ बाधाओं का सामना कर रहे हैं।
**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी जरूरी काम में सीनियर आपकी मदद कर सकते हैं, जिससे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।
**धनु:** आज किसी व्यवसायी व्यक्ति को नया बिजनेस पार्टनर या ऑफर मिल सकता है। अविवाहितों को लंबे समय बाद मिलने का मौका मिल सकता है।
**मकर:** आत्मविश्वास और ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा। यात्रा करने और पैसे खर्च करने के मूड में रहेंगे - लेकिन अगर करते हैं तो आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।
**कुंभ:** आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरा दिन है। जीवन में कुछ करने का निर्णय ले सकते हैं, कुछ नए अनुभव आपको प्राप्त होंगे। आपको अपने क्षेत्र में सफलता मिलेगी।
**मीन:** प्रेमी का साथ पाना आज सबसे बड़ी चुनौती होगी। प्रेमी किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। किसी मित्र को परेशानी या परेशानी में देखकर आप भावुक हो जाएंगे।

## चुटकुले

भिखारी- ऐ भाई एक रुपया देदे, तीन दिन से भूखा हूं
संजू- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा..?
भिखारी- वजन तोलूंगा कितना घटा है..!!
जवाब सुनते ही संजू बेहोश

बच्चा - मम्मी आप कहती हैं कि परियां उड़ती हैं, फिर पड़ोस की आंटी क्यों नहीं उड़ती?
मम्मी - वह कबसे परी हो गई?
बच्चा - पापा ही तो आंटी को परी कहते हैं।
मम्मी - तो फिर बेटा आज वो परी भी उड़ेगी और तेरे पापा भी।

पत्नी - मेरे गांव में बोलने वाला पहला रेडियो मेरे पापाजी लेकर आए थे।
पति - अपनी मम्मी के बारे में ऐसा नहीं बोलते, पगली।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पंत, जायसवाल और राहुल गिरे भारत चायकाल तक 176/6




**चेन्नई।** ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को जल्दी-जल्दी आउट करके बांग्लादेश भारत पर बढ़त बनाने में कामयाब रहा, क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में गुरुवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम में पहले दिन चाय तक मेजबान टीम 48 ओवर में 176/6 पर पहुंच गई।।

गेंदबाजी के लिए परिस्थितियां अभी भी अच्छी हैं, इसका मतलब है कि बांग्लादेश ने एक सत्र में जीत हासिल करने में और बढ़त बना ली है, बावजूद इसके कि जायसवाल का पांचवां टेस्ट अर्धशतक और रविचंद्रन अश्विन की नाबाद 21 रन की पारी, जिन्होंने रवींद्र जड़ेजा (नाबाद सात) के साथ सातवें विकेट के लिए 34 गेंदों में अविजित 32 रन जोड़े। लंच के तीन ओवर बाद, पंत ने महमूद को प्वाइंट के जरिए चौका लगाकर शुरूआत की। लेकिन अगली ही गेंद पर, पंत ने एक बार फिर ऑफ-

## बांग्लादेश भारत पर बढ़त बनाने में कामयाब

स्टंप के बाहर की गेंद को कट करने की कोशिश की, लेकिन इस बार, वह टाइमिंग में देरी कर गए और 52 गेंदों में 39 रन बनाकर सीधे कीपर के पास एक हल्का अंडर-एज लग गया। जायसवाल क्रीज पर सहज बने रहे, खासकर महमूद द्वारा लेग पर कुछ ज्यादा ही स्प्रे करने से उन्हें मदद मिली और उन्होंने 95 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेकिन नाहिद राणा ने उनकी पारी समाप्त की, क्योंकि तेज गेंदबाज की गेंद पर जायसवाल का मोटा बाहरी किनारा अच्छी तरह से पहली स्लिप तक पहुंच गया। जायसवाल ने 118 गेंदों में 56 रन बनाये। अगले ओवर में राहुल लेग ग्लान्स को नीचे नहीं रख सके और 52 गेंदों में 16 रन बनाकर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर शॉट लेग पर कैच आउट हो गए। स्थानीय खिलाड़ी अश्विन को चेपॉक में कम भीड़ से अच्छा स्वागत मिला और उन्होंने अपने आकर्षक पंच और पुल से निराश नहीं किया, जबकि स्लिप के बीच एक प्रहार करते हुए अपना तीसरा चौका हासिल किया। भारत उम्मीद कर रहा होगा कि प्रतिस्पर्धी स्कोर हासिल करने के लिए अश्विन और जड़ेजा रक्षात्मक रुख अपनाएंगे।

### संक्षिप्त स्कोर

| | |
|---|---|
| भारत 48 ओवर में | 176/6 |
| यशस्वी जायसवाल | 56, |
| ऋषभ पंत | 39 |
| हसन महमूद 4 | 35 |

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर स्वदेश लौटी पुरुष हॉकी टीम का गर्मजोशी से स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम का 2024 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद गुरुवार तड़के स्वदेश लौटने पर यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय टीम ने मंगलवार को मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में फाइनल में मेजबान चीन को 1-0 से हराकर पांचवीं बार ट्रॉफी हासिल की।

2024 पेरिस ओलंपिक में उनकी सफलता के ठीक एक महीने बाद, जिसमें उन्होंने अपना लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल किया, टीम पूरे टूनामेंट में अजेय रही और चीन पर 3-0 से जीत के साथ जोरदार अंदाज में नॉकआउट चरण में अपनी जगह दर्ज की, जापान पर 5-1 से जीत, मलेशिया पर 8-1 से जीत, कोरिया पर 3-1 से जीत और प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत के साथ अपने पूल में शीर्ष पर रही।



## हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 3 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य के लिए 1.5 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की

सेमीफाइनल में कोरिया पर 4-1 की जीत के बाद भारत का फाइनल में चीन से मुकाबला होना तय हो गया था, जिसे टूनामेंट का सबसे कठिन मैच भी कहा जा सकता है।

चौथे क्वार्टर के अंत में जुगराज सिंह के एकमात्र गोल ने भारत को मेजबान टीम के संघर्षपूर्ण प्रयास पर काबू पाने और जीत हासिल करने में मदद की।

इस जीत ने भारत को टूनामेंट के इतिहास में रिकॉर्ड पांच खिताब के साथ सबसे सफल टीम बना दिया। भारत पांच बार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई, जिसने 2023 में अपनी जीत के बाद लगातार दूसरे संस्करण में ट्रॉफी बरकरार रखी। भारत ने इससे पहले 2016 और 2018 में बैक-टू-बैक खिताब हासिल किया था। भारत ने इससे पहले 2011 में यह खिताब जीता था।

टीम के प्रयासों को पुरस्कृत करने के लिए, हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 3 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य के लिए 1.5 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

# महिला टी20 विश्व कप का आगाज 3 अक्टूबर से : स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह से भारत की बंधी हैं काफी उम्मीदें




**नई दिल्ली ।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से यूएई में होना है। भारतीय महिला टीम खिताब की प्रबल दावेदारों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी इवेंट, अंतरराष्ट्रीय सीरीज और घरेलू सत्र में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं जो लगातार अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी छाप छोड़ रहे हैं, और इस मेगा इवेंट में टीम इंडिया की प्रमुख खिलाड़ी होंगी।

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला टीम वैश्विक मंच पर अपना हुनर आजमाने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है। पिछले कुछ आंकड़े और प्रदर्शन के आधार पर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली ये सेना इस बार खिताब के साथ स्वदेश लौटना चाहेगी।

अगर, यह सपना पूरा करना है तो स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह को दमदार प्रदर्शन करना होगा। वैसे तो टीम में कई कप्तान समेत कई अन्य बड़े नाम भी शामिल है लेकिन ये तीन खिलाड़ी टीम की अहम ड़ी होंगी। बल्लेबाज में स्मृति मंधाना-शेफाली वर्मा को मजबूत शुरूआत देने, जबकि गेंदबाजी में रेणुका सिंह से टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने की उम्मीद होगी।

रेणुका सिंह अनुभवी गेंदबाज हैं, जो अपनी सटीक लाइन और लेंथ से बल्लेबाजों को परेशान कर सकती हैं। अगर वो फॉर्म में रही तो अन्य गेंदबाज जिनमें अनुभवी पूजा वस्त्रकर और स्पिनर राधा यादव और आशा सोभना को भी विरोधी बल्लेबाजों पर हावी होने में मदद मिलेगी।

क्रिकेट फैंस को टूनामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि भारतीय महिला टीम अपना विश्व चैंपियन बनने का सपना पूरा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद 6 अक्टूबर को उनका सामना पाकिस्तान से होगा।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ वर्षों में बेहतरीन प्रदर्शन करके विश्व क्रिकेट में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है, लेकिन बड़े मंच और खिताब जीतने का सपना अब भी अधूरा है। सिर्फ नॉक-आउट स्टेज तक पहुंचना काफी नहीं बल्कि इस टीम से अब ट्रॉफी जीतने की उम्मीद की जाने लगी है, इसलिए उन पर दबाव बढ़ना लाजमी है।

# शतरंज ओलंपियाड: भारत ने चीन को हराया महिला टीम जॉर्जिया को हराकर अजेय रही

**बुडापेस्ट (हंगरी) :** विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और बुधवार को यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की। जॉर्जिया 2008 में शतरंज ओलंपियाड का पूर्व विजेता है।



## गुकेश का शानदार प्रदर्शन। भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी जीत का सिलसिला जारी रखा।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे।

ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की। ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया। हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं। सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुई। चीनी टीम ने इस राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन को आराम दिया और यह एक समझदारी भरा कदम लगा, खासकर तब जब डिंग लिरेन छठे राउंड में वियतनाम के ले क्वांग लिम से हार गए थे।



# एमएमए में पाक फाइटर से होगी भारत के संग्राम सिंह की टक्कर, देश का परचम बुलंद करना लक्ष्य

**त्बिलिसी (जॉर्जिया) :** मशहूर पहलवान और राष्ट्रमंडल हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह यूरोपीय विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ अपने एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) में डेब्यू के लिए तैयार हैं। अपने पहले एमएमए मुकाबले की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2-3 किलोग्राम अतिरिक्त वजन बढ़ाने के प्रशिक्षण के बारे में बात करते हुए संग्राम सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि हर तैयारी मायने रखती है। मैं इस मुकाबले के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहता हूं। हालांकि, इस नई चुनौती के साथ कुछ अलग तरह की भावनाएं भी जुड़ी हैं। मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं, जो भगवान ने मुझे दिया है।




एमएमए डेब्यू को लेकर थोड़े बेचैन और परेशान संग्राम ने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं जो भगवान ने मुझे दिया है। ऐसे अवसर बहुत कम आते हैं और आप केवल यही सोच सकते हैं कि इसे कैसे भुनाया जाए। मेरा पूरा फोकस इसका भरपूर लाभ उठाने पर होगा। मेरा लक्ष्य शानदार प्रदर्शन करना है, चाहे नतीजा कुछ भी हो।

संग्राम, जो गामा में मुख्य मुकाबले के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान हैं। पाकिस्तानी पहलवान के खिलाफ 93 किलोग्राम वर्ग एमएमए मुकाबले में अपनी पहली भागीदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अगर आप वैश्विक कार्यक्रमों में भाग लेते समय अपने देश को नहीं देखते हैं, तो यह गलत है। मैं इस पद पर पहला भारतीय पुरुष पहलवान बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मेरा लक्ष्य अपने देश को गौरवान्वित करना है। जॉर्जिया में होने वाली चैंपियनशिप में जॉर्जिया, आर्मेनिया, अजरबैजान, पाकिस्तान और यूक्रेन सहित पांच अन्य देश भाग लेंगे।



मालविका ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में गिलमूर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया।

# पहली बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारत की मालविका बंसोड़

**चांगझोऊ (चीन)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिलमूर पर जीत के बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर चाइना ओपन में भी अपना शानदार लय कायम रखी। एक घंटे से ज्यादा चले कड़े मुकाबले में दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी मालविका ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में गिलमूर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया।

> मैं अच्छी फॉर्म में हूं और मुझे उम्मीद है कि इस बार मैं जीत दर्ज करूंगी। — मालविका बंसोड़

22 वर्षीय मालविका के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि वह अपने करियर में पहली बार किसी प्रतिष्ठित सुपर 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची। ओलंपिक डॉट कॉम ने मालविका के हवाले से कहा, यह मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैंने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना देखा था।अब मैं यहां हूं, शीर्ष 8 में हूं। यह एक शानदार एहसास है।

एक चुनौतीपूर्ण मैच के बारे में बताते हुए मालविका ने कहा, मैच कांटे की टक्कर का था, खासकर दूसरे और अंतिम गेम में परिस्थिति कठिन थी। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं मैच पर पकड़ बनाए रखने में कामयाब रही और मुझे जो समर्थन मिला, उसके लिए मैं आभारी हूं।

नागपुर में जन्मी इस खिलाड़ी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने खेल में लगातार सुधार और कड़ी मेहनत को दिया। खास तौर पर अपनी ताकत और मुश्किल परिस्थितियों में हार न मानना ही उनकी सफलता का राज है। उन्होंने बताया, मैं अपनी ताकत बढ़ाने पर ध्यान दे रही हूं और यह कारगर साबित हो रहा है। इस सर्किट में, खास तौर पर सुपर 500 और 1000 टूर्नामेंट में आपको अक्सर शुरूआत में ही शीर्ष-10 खिलाड़ियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए शारीरिक ताकत अहम है।

मालविका का सामना दो बार की विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से होगा। उन्होंने कहा, मैं पहले भी उन्हें हराने के करीब पहुंच चुकी हूं। मैं अच्छी फॉर्म में हूं और मुझे उम्मीद है कि इस बार मैं जीत दर्ज करूंगी।

# पूर्व श्रीलंकाई खिलाड़ी समरवीरा 20 साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व पुरुष क्रिकेटर दुलिप समरवीरा को एक ईमानदारी जांच के बाद 20 साल के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में किसी भी पद पर रहने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जहां उन्हें आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन करते पाया गया। 1993 से 1995 तक श्रीलंका के लिए सात टेस्ट और पांच वनडे खेलने वाले समरवीरा पर एक महिला खिलाड़ी से संबंधित कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगने के बाद जांच चल रही थी। वह शुरू में 2008 में क्रिकेट विक्टोरिया में विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल हुए थे, इससे पहले पिछले साल नवंबर में उन्हें महिला टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।



आचरण आयोग ने पाया कि समरवीरा ने अनुचित व्यवहार किया जो सीए की आचार संहिता की धारा 2.23 का उल्लंघन करता है। अनुचित आचरण के आरोप तब लगे जब समरवीरा क्रिकेट विक्टोरिया (सीवी) में कार्यरत थे। सीए इंटीग्रिटी विभाग इंटीग्रिटी कोड और नीतियों के तहत उसके पास लाई गई शिकायतों की जांच करता है जो राज्य और क्षेत्रीय संघों पर भी लागू होती हैं। आचरण आयोग सीए इंटीग्रिटी द्वारा उसे भेजे गए मामलों की सुनवाई करता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को एक बयान में कहा, सीए और सीवी सभी खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों का कल्याण सर्वोपरि है।

# नवदीप सिंह: क्यों ये नाम बना हुआ है सोशल मीडिया सेंसेशन?

**नई दिल्ली।** 'कद छोटा है, पर काम बड़े होंगे', ये शब्द नवदीप सिंह के हैं जिन्होंने पेरिस पैरालंपिक में जैवलिन थ्रो (एफ41 इवेंट) में गोल्ड जीता। देश के इस एथलीट का हौसला देख पीएम मोदी भी खुशी से गदगद हुए। पेरिस पैरालंपिक से पहले जो नाम गुमनाम था, आज वही सोशल मीडिया सेंसेशन बना हुआ है। टीवी-अखबार से लेकर पॉडकास्ट तक नवदीप सिंह का जलवा है।

गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी, लेकिन इस एथलीट का सफर बेहद मुश्किलों से भरा रहा है। टोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप का लक्ष्य पेरिस में सिर्फ मेडल था। यहां वो केवल भारतीय जर्सी में नजर आने वाले एक एथलीट थे, लेकिन अब वो भारत समेत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गए।

इस एथलीट को अपनी छोटी हाइट (बौनेपन) के लिए ताना मारा जाता था। इन तमाम चुनौतियों से परेशान होकर एक समय ऐसा था जब वो 'आत्महत्या' करने के बारे में सोचने लगे थे। लेकिन हर ताने को उन्होंने मोटिवेशन में बदला और खुद को साबित करने की ठानी।



'कद छोटा है, पर काम बड़े होंगे', ये शब्द नवदीप सिंह के हैं जिन्होंने पेरिस पैरालंपिक में जैवलिन थ्रो (एफ41 इवेंट) में गोल्ड जीता।

उनकी इस उड़ान को पहचान पेरिस पैरालंपिक में मिली। खास तौर पर थ्रो करने के बाद उनका आक्रामक जश्न हर किसी के जुबां पर है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसका जिक्र उनके साथ किया। इसके साथ ही एक अन्य वीडियो भी सोशल मीडिया पर छाया रहा जिसमें नवदीप ने अपने कोच से पूछा था कि कितना थ्रो हुआ, जब उन्होंने बताया तो नवदीप ने बड़े ही मस्त मौला अंदाज में कहा 'खाओ मां कसम'?

दरअसल, सभी एथलीटों को सम्मानित करने के लिए पीएम ने घर पर बुलाया था।

# पार्षद रवि भाटी ने नगर निगम अधिकारियों को दिखाई जलभराव एवं जाम की समस्या





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश गाजियाबाद की एंट्री पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप द्वार शालीमार गार्डन पर जलभराव की समस्या को स्थानीय पार्षद ने नगर निगम के अधिकारियों को बुलाकर जलभराव एवं जाम की समस्या से अवगत कराया। अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी ने जलभराव एवं जाम की समस्या के लिए नगर निगम के अधिकारियों को बुलाकर समस्या दिखाई और अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण करने के लिए कहा। पार्षद रवि भाटी ने बताया कि यह रास्ता दिल्ली से उत्तर प्रदेश की सीमा का मुख्य मार्ग है। जैसे ही दिल्ली से गाजियाबाद में एंट्री करते हैं, वैसे ही जलभराव के कारण क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह वार्ड 37 शालीमार गार्डन का मुख्य मार्ग है। यहां से लाखों लोगों का रोजाना आना-जाना लगा रहता है। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्गों को गंदे पानी में से निकलना पड़ता है और पानी भरने के कारण जाम लग जाता है। शाम को यहां जाम लगने के कारण जनता को कई घंटों जाम से जूझना पड़ता है। आज मोहन नगर जॉन के जोनल इंचार्ज आरपी सिंह, निर्माण विभाग के एई गणेशी लाल, जेई विनोद इत्यादि नगर निगम के अधिकारीगणों को इस समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जलभराव की समस्या के लिए जल्द ही सड़क को बनाया जायेगा और जाम के लिए सड़क के बीच में डिवाइडर बनाएं जायेंगे।

## गाजियाबाद में करंट लगने से युवक की मौतः कई मिनट तक शरीर में होती रही करंट की स्पार्किंग, ग्रामीणों ने किया हंगामा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में मसूरी गंगनहर के पास गुरुवार को हाईटेंशन लाइन के करंट से 22 वर्षीय कैफ की मौत हो गई। मसूरी गंगनहर के पास ये तार काफी नीचे झूल रहे हैं। वहां से गुज रहा कैफ इसकी चपेट में आ गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि कई मिनट तक कैफ के शरीर में बिजली के तारों की स्पार्किंग होती रही।

ये हादसा मसूरी गंगनहर के पास गांव नाहल को जाने वाले रास्ते पर हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया- पिछले कुछ दिनों से ये तार ऐसे ही नीचे झूल रहे थे। इनकी निचाई इतनी थी पिछले दिनों दो भैंस इनकी चपेट में आकर मर गईं। एक बुजुर्ग को भी करंट लग गया था। इस बारे में पॉवर कॉरपोरेशन को लगातार कहा जा रहा था, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

आज कैफ की मौत के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त गुस्सा बना हुआ है। वे इस मामले में पॉवर कॉरपोरेशन के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहे हैं।

## भाकियू ने लिया मोदीनगर कमेटी भंग करने का निर्णय

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन ने एक अहम बैठक में मोदीनगर की कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया है।

संगठन के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिह, जिला प्रभारी जयकुमार मलिक आदि की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया। जिले के प्रभारी जय मलिक ने बताया कि मोदीनगर की बनाई हुई कमेटी को भंग किया जाता है। अब कुछ ही दिन में नई कमेटी का गठन किया जाएगा। तब तक कोई भी पूर्व पदाधिकारी अपने नाम के साथ अपने पद का प्रयोग नहीं करेगा। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार दुहाई, पवन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मलिक, पूर्व नगर अध्यक्ष चौधरी पवन कुमार, लालाराम बापू आदि उपस्थित रहे।




### भागवत कथा का क्यों उखाड़ दिया सरदार जी पटेल वालों ने टैंन्ट

किस्सा फूल वालो की गली से हैं और किस्से में सरकार वाले भी हैं और किस्से में सरदार भी है। किस्सा मौहल्ले में होने वाली भागवत कथा को लेकर जुड़ा है और व्यथा ये थी कि जिस पार्क में कथा होनी है उस पार्क में सरदार जी सहित कई लोगो ने अपनी खिड़की निकाल ली है। अब जोर इस बात पर कि पार्क का शोर खिड़की के जरिये हमारे घर तक नही आना चाहिये। मौहल्ले में कथा होनी थी और हल्ले इस बात को लेकर मचे जब सरदार जी ने कथा का टैंन्ट ही उखाड़ दिया। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि सरदार में हवा ही सरकार वालों की भरी हुई थी और इधर से भी सरकार वाले ही थे। बताते हैं कि जब सरदार जी ने गाली के साथ कथा का टैन्ट उखाड़ा तो उन्हे लग रहा था कि उनका कुछ नही उखड़ने वाला। लेकिन थोड़ी देर में ही पुलिस की एन्ट्री हो गई और फिर महिला शक्ति ने मोर्चा खोल दिया। पुलिस की तहकीकात में नाम तो उनके भी आ गये जो पर्दे के पीछे से गर्दे उड़ा रहे थे। बहराहाल अब ये तय हो गया कि भागवत जी के राज में भागवत कथा तो होगी और जरूर होगी। हिन्दू संगठन बता रहे हैं कि सरदार जी ने व्यवधान डाला तो उनकी खातिरदारी थाने की हवालात से लेकर जेल तक होगी।

### 17 परसेंट का 75 परसेंट कितना होगा लगाओ तो सही हिसाब

गोरखपुर वाले महाराज जी आये और कह गये कि ओवर काफिडेन्स में मत रहना। बूथ कमेटी पर फोकस रहा और कह दिया कि हमें तो हर हाल में 75 परसेंट वोट चाहिये ही चाहिये। बताने वाले ने बताया कि उस समय तो सब ने सिर हिलाया लेकिन बाद में कहने वालों ने कह ही दिया कि बाबा ये बाई इलेक्शन है और आप ज्यादा टेंशन ना ले तो ही ठीक। पुराने भाजपाई ने कहा कि महाराज जी किसी गफलत में हैं क्योंकि वोट का जो आंकड़ा वो लिये बैठे हैं वो कहीं से कहीं तक यहां होना ही नही है। ओल्ड भाजपाई ने कहा कि लोकसभा के नतीजे आये और यूपी में इतने फजीते के बाद भी ओवर कांफिडेंस का शिकार तो कौन है इस बात को हम भी समझ रहे हैं। हिसाब भी लगाया गया कि 17 परसेंट का 75 परसेंट कितने वोट होते हैं। हिसाब लगाने वाले ने बाबा की दी हुई ओवर कांफिडेंस की डोज से बाहर आकर बताया कि पहली बात तो ये कि मतदान का प्रतिशत ही 17 से 20 रहना है और इसमें भी अगर रफ्तार लाईनपार से लेकर नीली बस्तियों और गोल टोपी वालों के मौहल्ले में फ्लो पर रही और राम वालो की गली में स्लो पर रही तो हाथ वालों के फेस पर चुनावी नतीजे के दिन ग्लो आ सकता है।

### नदिया पार के कौन से भगवान चाहते हैं जीडीए बोर्ड में जय

बाई इलेक्शन जिन्हे लड़ना है वो दावेदारी की टेंशन ले वर्ना बाकि तो अपनी दूसरी सेंटिग में लगे हैं। पुराने चावलों को पता है कि कृपा वाली दाल कौन सी हांडी में गलेगी। सुना है नदिया पार वाले एक भगवा भगवान की तमन्ना है कि जीडीए बोर्ड मेंबर वाले सीन में उनकी जय हो जाये। वो जीडीए अफसरों के यहां दस्तक अभी से दे रहे हैं। पता चला कि जीडीए बोर्ड मेंबर वाली कृपा लिस्ट में उनके नाम पर मोहर लग चुकी हैं। महकमे वाले बता रहे हैं कि नदियापार वाले भगवान भी फुल इंट्ररेस्ट विकास वाले महकमें में ले रहे हैं। सुना है कि वो तकदीर के धनी हैं, क्योंकि उन्होने कोरोना में अपने घर के बाहर बोर्ड लगा दिया था कि प्लीज फोन ना करें, काम कराना या मदद करना तो बहुत दूर की बात हैं। पर इसके बाद भी उन्हे टिकट भी मिला और वो जीत भी गये।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ की मारपीट

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक विवाहिता ने आरोप लगाया है कि दहेज में कार ना लाने पर उसकी हत्या का प्रयास किया गया। मामले में दहेज लोभी ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। थानांतर्गत देव बिहार कालोनी निवासी श्याम कुमार की पुत्री कृतिका की शादी 15 मई 2022 को मेरठ के मवाना क्षेत्र के गांव निलौहा निवासी नोएडा पुलिस में एसआई पद पर तैनात सागर नाम के युवक से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष पर आरोप है कि दहेज में फर्च्युनर कार की मांग पूरी ना होने पर उसकी गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। इस मामले में पुलिस ने दरोगा सागर, उसके पिता चंद्रपाल, सास अनीता, सोहनपाल, बृजमोहन, रीना व वीरेंद्र कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## कृषि विभाग ने कृषि विज्ञान केन्द्र मुरादनगर में किया कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

**किसानों को खेती की विस्तृत जानकारी दी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कृषि विभाग ने गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र मुरादनगर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (ओएस/ टीबीओ) के तहत विकास खंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी मोदीनगर गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने भारत सरकार के संकल्प स्वच्छता शपथ को सभी किसानों, अधिकारियों व कर्मचारी को शपथ दिलाकर जागरूक किया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉक्टर प्रमोद कुमार ने किसानों को खरीफ की फसलों के साथ-साथ तिलहन की खेती की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सरिता जोशी ने मोटे अनाजों की पौष्टिकता के बारे में किसानों को अवगत कराया। डॉ. पल्लवी चौधरी ने सब्जियों की फसलों की नर्सरी तैयार करने की विधि बताई तथा कृषि विज्ञान केंद्र पर सब्जियों की नर्सरी के पौधों की उपलब्धता के बारे में बताया। डॉ. आकांक्षा सिंह ने मिट्टी परीक्षण की विधि की जानकारी दी तथा केवीके पर स्थित प्रयोगशाला में नमूने भेजने को प्रेरित किया। कृषि विभाग की तरफ से एसएमएस रामपाल सिंह मलिक, बीटीएम दुगाशंकर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीपी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में गन्ना परिषद के डायरेक्टर इंद्रपाल सिंह, पूर्व प्रधान प्रदीप मुखिया, आनंद सिंह, ऋषिपाल सिंह, शिवराज सिंह, शिवनंदन त्यागी, बलजीत सिंह, गफ्फार कुशलिया, दुष्यंत शर्मा कनौजा आदि गणमान्य लोगों के साथ 40 किसानों ने शिरकत की।



**मोदीनगर गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने किया किसानों का उत्साहवर्धन**

अमरजीत सिंह बिड्डी ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि किसानों के लिए विभाग द्वारा जो भी योजनाएं चलायी जा रही हैं, उन्हें बढ़-चढकर उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करना चाहिए। किसानों की उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ उनकी आमदनी भी बढ़े। कार्यक्रम में किसानों को तिलहन की खेती के बारे में जानकरी प्रदान की गई।

## हापुड़ में पुत्र ने की पिता की पीटकर हत्या

### 10 बीघा जमीन बेटी के नाम किया था, जिसको लेकर दोनों में होता था विवाद




**हापुड़।** हापुड़ में पिता की उसके पुत्र ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के गांव कंदौला की है।

जानकारी के अनुसार, मुनीराज त्यागी खेती-बाड़ी करते थे। पुलिस के अनुसार उनका अपने इकलौते पुत्र कपिल से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी के चलते किसान ने अपनी दस बीघा जमीन अपनी दो विवाहित पुत्रियों के नाम कर दी। बुधवार की देर शाम दोनों में हाथपाई हुई। थोड़ी देर बाद उसका शव पड़ा मिला। ससुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना बहु ने पुलिस को दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। लेकिन पुत्र मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शरीर और गले पर चोट के निशान मिले हैं।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पिता और पुत्र के बीच जमीन विवाद का मामला था।

## वार्ड नंबर 57 गांव मकनपुर में तालाब को बना रखा है कूड़ा घर



**गाजियबाद, करंट क्राइम।** वार्ड नंबर 57 गांव मकनपुर में तालाब को बना रखा है कूड़ा घर। गांव के लोगों को नई-नई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों से बात कर बुलडोजर से कूड़े को इकट्ठा कराया व नगर निगम ने 2 से 3 दीन मांगें हैं सारे कूड़े को यहां से उठवाने के लिए। अगर दो से तीन दीन में यहां तालाब की सफाई नहीं हुई तो गांव




## कार में बार पर कब होगी पुलिस की सख्ती

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस द्वारा लंबे समय से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसका असर अब यह हो रहा है कि लोग खुल्लम-खुल्ला कार में बार बना रहे हैं और अगर पुलिसकर्मी उनको रोकते हैं, तो वह उल्टा पुलिस वालों से उलझते हैं। सिटी से लेकर नदियापार और देहात के हाईवे वाले मकड़जाल पर यह पूरा मामला इन दिनों जमकर हो रहा है। देर रात और शाम को तो छोड़िए अब तो दिन में भी इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। सूत्र कहते हैं कि पहले गाजियाबाद पुलिस समय-समय पर थानावार और जोनवार इस अभियान को चलाती थी लेकिन कमिश्नरेट सिस्टम में इसको लेकर लंबे समय से कोई बड़ा ऑपरेशन और अभियान नहीं चलाया गया है। आलम यह है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कई इलाके तो ऐसे हैं जहां वीवीआईपी मूवमेंट होने की वजह से खुद थाने के प्रभारी इस काम को रोकने के लिए आते हैं वरना अधिकांश जगह यह जमकर चल रहा है। सुनने में आया है कि बीते दिनों का मामला है



नदियापार के एक इलाके में कार में बार चल रहा था। इलाके वाली चीता ने थोड़ा सा साहस दिखाया, तो कार में बैठे जनाब ने चीते वाले की तेजी को धीमा करने का काम किया और आईफोन कान में लगा दिया जाता है। बताया जाता है कि सामने से कोई बड़े अधिकारी थे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सिटी जोन में सबसे टेंशन वाले सर्किल का टॉप वाला थाना भी इस पूरी घटनाक्रम के लिए बदनाम रहता है। सूत्र बता रहे हैं कि भले बीते दिनों यहां फायरिंग वाला कांड हुआ हो या इसके बाद मैखाने में हाथापाई इसके बाद भी इस इलाके में कार में बार वाला खेल लगातार चल रहा है। वहीं देहात के एक थानाक्षेत्र से जुड़ी इसी थाने की एक चौकी रात में 10 बजे के बाद शटर खोलकर व्यवस्था उपलब्ध कराने का अड्डा भी बन चुकी है। इसकी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर आने के बावजूद न तो आबकारी वाले ध्यान दे रहे हैं और ना इलाके वाले साहब। कुल मिलाकर अगर कार में बार वाले ऐसे हालात बने रहे तो आने वाले दिनों में कोई खतरनाक वीडियो या प्रकरण सामने आ सकता है। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट में कार में बार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के अधिकारी कब एक्टिव वाला मोड अपनाते हैं।

## 'अवैध ओयो होटल गेस्ट हाउस हटाओ लोनी बचाओ' के समर्थन में चलाया जाएगा हस्ताक्षर अभियान



**लोनी, करंट क्राइम।** अवैध 'ओयो होटल गेस्ट हाउस हटाओ लोनी बचाओ' आंदोलन के प्रमुख लोगों की बैठक सम्पन्न हुई। अवैध ओयो होटल, गेस्ट हाउस हटाओ लोनी बचाओ अंदोलन के तहत लोनी में चलाया जाएगा हस्ताक्षर अभियान। इस मौके पर पंडित ललित शर्मा ने बताया कि अवैध रूप से चलाए जा रहे फर्जी ओयो होटलों एवं गेस्ट हाउसों की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में करेंगे। 13 अक्टूबर को संगम विहार से एकत्रित होकर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है पर कार्यवाही सिर्फ कागजों में ही देखने को मिलती है। लोनी का माहौल बहुत ही ज्यादा गंदा हो चुका है।

## कुत्तों का आतंक कड़कड़ मॉडल गांव में पागल कुत्ते के काटने से कई लोग घायल











**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कड़कड़ मॉडल गांव में कुत्ते के काटने से कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ता पालतू और देशी नस्ल का है। कुछ दिन बाद कुत्ते का व्यवहार बदलने लगा तो निगम से सम्पर्क करने की कोशिश की गई किन्तु कतिपय कारणों से संपर्क नहीं हो पाया जिसके बाद कुत्ते ने कइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। लोगों ने कुत्ते पर नियंत्रण करने का प्रयास तो किया पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। गुरुवार को कुत्ते ने एक बच्ची अंशी को बुरी तरह काट कर घायल कर दिया। मोहम्मद यूनुस की हाथ की उंगली काट ली। लोगों की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया। क्षेत्रीय पार्षद जोगेन्दर उपाध्याय ने नगर निगम अधिकारी से बात कर कुत्ते पकड़ने वाले वाहन पर कॉल करने का सुझाव दिया है। कॉल करने पर वाहन इंचार्ज मौके पर पहुंचकर कुत्ते को पकड़ कर ले गए। उधर वसुंधरा सेक्टर-12 में स्कूटी पर सवार दो बच्चे जा रहे थे। जैसे कि परशुराम चौक के पास पहुंचे तो 6 कुत्तों ने दोनों को घेर लिया। कुत्तों को भगाकर लोगों ने दोनों की जान बचाई। गर्व ने बताया कि कुत्ते का झुंड अचानक स्कूटी के पीछे भागने लगे और एक आगे आ गया जिस कारण दोनों भाइयों को चोट आई। अस्पताल में उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। शालीमार गार्डन में आवारा कुत्तों की समस्या से लोग परेशान है आय दिन कई ना कोई घटना क्षेत्र में हो रही है। गुरुवार को ऋषभ पार्क के प्लॉट नं. 666 के चौकीदार की बच्ची के ऊपर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। स्थानीय निवासी आदेश तिवारी ने लोगों ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद को कई बार आवारा कुत्तों की शिकायत की है लेकिन कोई कार्यवाही नही होती है।

## साइबर ठगों ने 13 बार में निकाले रुपए, हापुड़ में महिला के खाते से 2.31 लाख की ठगी

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के गढ़ कोतवाली इलाके में साइबर ठगों द्वारा बैंक खाते से बड़ी ठगी की घटना सामने आई है। गढ़मुक्तेश्वर के जवाहरगंज मंडी निवासी प्राची गर्ग के खाते से साइबर ठगों ने 13 बार में 2 लाख 31 हजार रुपये निकाल लिए। ठगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला प्राची गर्ग के पति अर्पित ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी का बचत खाता बुलंदशहर जनपद के जंगीराबाद स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा में है। 13 से 15 सितंबर के बीच साइबर ठगों ने 13 बार में खाते से कुल 2,31,000 रुपये निकाल लिए। जब प्राची गर्ग को खाते से पैसे निकलने की जानकारी मिली, तो वे हैरान रह गईं। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद कोई लेन-देन नहीं किया था, फिर भी खाते से इतनी बड़ी रकम गायब हो गई।

## भाजपा महानगर महामंत्री राजेश त्यागी के जन्मदिन पर दी सभी ने बधाई

























**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर महामंत्री राजेश त्यागी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उनके जन्मदिन पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों और मीडिया जगत के प्रमुख चेहरों ने उन्हें बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की।

# पूर्व राष्ट्रपति के करीबी ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने का ट्रंप को दिया श्रेय

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी अल मेसन ने भारत के साथ अच्छे संबंधों का श्रेय ट्रंप को दिया है। उन्होंने कहा कि कई मायनों में अमेरिका-भारत संबंध कभी भी मजबूत नहीं थे। हालांकि, भारतीय अमेरिकी समुदाय दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने का श्रेय काफी हद तक पूर्व राष्ट्रपति को देता है।

अल मेसन ने कहा, 'पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बहुत गर्मजोशी भरे संबंध रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति के पद पर रहते हुए एक-दूसरे के साथ मजबूत संबंध रहे। दोनों ही मजबूत नेता हैं, जो एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। वे दोनों रिश्ते बनाने के लिए जाने जाते हैं।'

**'भारतीय अमेरिकी समुदाय पीएम मोदी का कट्टर समर्थक' :** उन्होंने कहा, 'भारतीय अमेरिकी समुदाय प्रधानमंत्री मोदी का कट्टर समर्थक है।

### ट्रंप और पीएम मोदी के बीच रहे गर्मजोशी भरे संबंध



उन्हें अब भी याद है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में अमेरिका और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत किया और निजी तौर पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय तक पहुंच बनाई।उदाहरण के लिए, ह्यूस्टन में तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम को 'हाउडी मोदी' नाम दिया गया था।'

**पूर्व राष्ट्रपति ने भारत की विदेश यात्रा की थी :** उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद ट्रंप ने भारत की विदेश यात्रा की थी, जिसका समापन एक ऐतिहासिक रैली के साथ हुआ था। इसे नमस्ते ट्रंप नाम दिया गया। कई मायनों में, अमेरिका-भारत संबंध कभी भी मजबूत नहीं थे और संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने के लिए ट्रंप को काफी हद तक श्रेय देता है।

### एक बार फिर न्यूयॉर्क में होगी मुलाकात

पूर्व राष्ट्रपति के करीबी ने कहा, 'ट्रंप के राष्ट्रपति काल के दौरान एक प्रवृत्ति बहुत स्पष्ट रूप से सामने आई। भारतीय अमेरिकियों ने शायद पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार और सम्मान दोनों महसूस किया। इसलिए, अगले सप्ताह न्यूयॉर्क में ट्रंप और पीएम मोदी के बीच होने वाली बैठक दोनों नेताओं के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी।

# कनाडा ने इस साल अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 35 फीसदी कम वीजा दिए, ट्रूडो का एलान- अगले साल और कम करेंगे

**ओटावा :** कनाडा ने अप्रवासन नियमों में सख्ती करते हुए अप्रवासी कामगारों की संख्या पर लगाम लगाई है और साथ ही अंतरराष्ट्रीय छात्रों को जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या भी कम की गई है। गौरतलब है कि कनाडा ने इस साल यानी 2024 में 35 फीसदी कम 4,85,000 अंतरराष्ट्रीय छात्रों को वीजा जारी किए हैं। अगले साल कनाडा सरकार इसमें भी 10 प्रतिशत की कटौती कर इसे 4,37,000 करने का एलान कर चुकी है।



### ट्रूडो का अप्रवासन में और कटौती का एलान

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'हम इस साल 35 प्रतिशत कम अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कनाडा आने की इजाजत दे रहे हैं। अगले साल इन नंबर्स में भी 10 फीसदी की कमी की जाएगी। हमारी अर्थव्यवस्था के लिए अप्रवासन एक फायदेमंद चीज हैं, लेकिन जब कुछ लोग इस व्यवस्था का गलत फायदा उठाते हैं और छात्रों को दिए लाभ का इस्तेमाल करते हैं तो हम उन पर लगाम भी लगाते हैं।' कनाडा के अप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने कनाडा आने वाले अप्रवासियों की संख्या पर लगाम लगाने के लिए कई और कदम उठाने का एलान किया।

**कनाडा में बढ़ रहा अप्रवासियों का विरोध:** दरअसल कनाडा में स्थानीय लोग अब अप्रवासियों का विरोध कर रहे हैं। कनाडा में घर खरीदना, स्वास्थ्य सेवाएं अब काफी महंगी हो गई हैं। स्थानीय लोग इसकी एक वजह अप्रवासियों को भी मानते हैं। साथ ही नौकरी के घटते अवसर भी अप्रवासियों के विरोध की वजह बने हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अप्रवासी छात्र वीजा का दुरुपयोग करते हैं। यही वजह है कि विरोध के बीच कनाडा सरकार ने भी अब अप्रवासन पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाए हैं।

# हमास के युद्ध के बीच जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकी, रिपोर्ट्स में दावा

**बर्लिन।** इस्राइल इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े संघर्षों में से एक में उलझा हुआ है और ऐसे वक्त में जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में जर्मनी के अर्थव्यवस्था मंत्रालय के हवाले से यह दावा किया गया है। बीते साल जर्मनी



ने इस्राइल को करीब 36 करोड़ डॉलर के हथियार सप्लाई किए थे, यह साल 2022 की तुलना में 10 गुना ज्यादा थे। हालांकि इस साल जर्मनी से इस्राइल को हथियारों की सप्लाई में गिरावट आई है।

**कानूनी कारण से जर्मनी ने रोकी इस्राइल को हथियारों की सप्लाई:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मनी ने इस साल इस्राइल को सिर्फ एक करोड़ साठ लाख डॉलर के ही हथियार भेजने की ही मंजूरी दी ।

# पुल बनाने की कोशिश करनी चाहिए न कि बंटवारे की
## भारत ने फलस्तीन प्रस्ताव पर मतदान से बनाई दूरी



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीन प्रस्ताव पेश किया गया, लेकिन भारत ने इस प्रस्ताव पर वोटिंग से दूरी बनाई। भारत का कहना है कि हम बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद को सुलझाने के समर्थक हैं। भारत ने कहा कि हमें विभाजन बढ़ाने के बजाय मतभेद मिटाने की दिशा में काम करना चाहिए। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में बुधवार को फलस्तीन प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में मांग की गई है कि इस्राइल को कब्जाए गए फलस्तीन के इलाकों को 12 महीनों में खाली कर देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में 124 देशों ने मतदान किया। वहीं 14 देशों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। 43 देश वोटिंग से दूर रहे, जिनमें भारत भी शामिल है।

**भारत समेत इन देशों ने भी मतदान से बनाई दूरी**

प्रस्ताव में इस्राइल से पूर्वी यरुशलम सहित अन्य क्षेत्रों को भी छोड़ने की मांग की गई है। मतदान में जिन देशों ने भाग नहीं लिया, उनमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, इटली, नेपाल, यूक्रेन और ब्रिटेन शामिल हैं। वहीं इस्राइल और अमेरिका ने प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इस्राइल-फलस्तीन विवाद की शांतिपूर्ण, न्यायपूर्ण और स्थानीय समाधान की वकालत की और दोहराया कि प्रत्यक्ष और सार्थक बातचीत के जरिए ही दोनों देशों के बीच दो राज्य समाधान ही स्थायी शांति ला सकता है।

### भारत ने तत्काल युद्धविराम और बंधकों की रिहाई का आह्वान किया

भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि भारत हमेशा से बातचीत और कूटनीति का प्रबल समर्थक रहा है। हमारा मानना है कि संघर्षों को हल करने का कोई और तरीका नहीं है।

# न्यूयॉर्क में मंदिर को निशाना बनाए जाने पर भड़के अमेरिकी सांसद

**नई दिल्ली ।** कई अमेरिकी सांसदों ने न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में नफरत भरे संदेश लिखे जाने और तोड़फोड़ किए जाने की घटना की निंदा की। उन्होंने इस घटना को अस्वीकार्य बताना। साथ



ही अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की।

**ऐसे कृत्यों की हो पूरी जांच: थानेदार** सांसदों ने देश में नफरत और हिंसा की बार-बार होने वाली घटनाओं पर भी चिंता जताई। भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने इस घटना की कड़ी निंदा की और जोर देकर कहा कि मंदिर में तोड़फोड़, कट्टरता और घृणा भरे संदेशों के लिखे जाने जैसे कृत्यों की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# इमरान की पार्टी का दावा- लाहौर में शनिवार को होने वाली रैली से पहले पीटीआई के दर्जनों सदस्य गिरफ्तार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने गुरुवार को दावा किया कि पंजाब पुलिस ने उसके दर्जनों नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पीटीआई का आरोप है कि पुलिस की यह कार्रवाई शनिवार को लाहौर में होने वाली उसकी रैली के मद्देनजर की गई है। पार्टी ने दावा किया है कि शनिवार की यह रैली उसकी ताकत दिखाने वाली रैली होगी।

पीटीआई के नेता अली एजाज बटर ने कहा कि पुलिस ने पंजाब विधानसभा में वरिष्ठ नेता अफजल फट और दर्जन भर अन्य नेताओं को मीनर-ए-पाकिस्तान मैदान में होने वाली रैली से पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पीएमएल-एन सरकार की ऐसी फासीवादी चालों के बावजूद लाहौर में ऐतिहासिक रैली होना तय है।





गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने 21 सितंबर को लाहौर में बड़ी रैली का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में घरों से बाहर आकर इस रैली में हिस्सा लेने की अपील की है।

पीटीआई नेता सनम जावेद ने कहा कि पंजाब के लोगों, खासकर लाहौर के लोगों के लिए यह एक बहुत बड़ा मौका है, जब वे इमरान खान को समर्थन दिखा सकते हैं। ठीक उसी तरह, जब वे आठ फरवरी को घरों से बाहर आए थे और उनके चुने हुए उम्मीदवारों को वोट किया था। जावेद ने कहा कि यह एक अहम समय है, जब लोगों को चोरी हुए जनादेश के खिलाफ और देश की युवा आबादी के लिए अपनी आवाज उठानी चाहिए।

इस बीच पीटीआई ने लाहौर हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर की है, जिसमें मरियम नवाज सरकार को यह आदेश देने की मांग की गई है।

%: कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं को परेशान या गिरफ्तार न करे।

# फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज
# पार्षद कविता प्रवीन भाटी के सहयोग से श्याम पार्क एक्सटेंशन में हुआ ओपन जिम का उद्घाटन
## स्वास्थ्य अनमोल है, स्वस्थ रहें - खुश रहें : पार्षद कविता प्रवीन भाटी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 के श्याम पार्क एक्सटेंशन के ए ब्लॉक के परवाना पार्क में पार्षद कविता प्रवीन भाटी के सहयोग से ओपन जिम लगवाया गया जिसका उद्घाटन एवं लोकार्पण ए ब्लॉक के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बीडी शर्मा व समस्त ए ब्लॉक निवासियों ने मिलकर पार्षद कविता प्रवीन भाटी के साथ नारियल फोड़कर किया।

वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने बताया कि उनके वार्ड में 25 पार्क हैं और आज तक एक भी पार्क में ओपन जिम नहीं लगा था। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने नगर निगम द्वारा श्याम पार्क एक्सटेंशन का पहला ओपन जिम ए ब्लॉक के परवाना पार्क में लगवाया। इस मौके पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा कि स्वास्थ्य अनमोल है, स्वस्थ रहें खुश रहें। समस्त ए ब्लॉक के निवासियों ने परवाना पार्क में भारी संख्या में इकट्ठा होकर महापौर सुनीता दयाल व पार्षद कविता प्रवीन भाटी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीन भाटी ने ए ब्लॉक के समस्त निवासियों को बधाई दी एवं बताया कि बहुत से घरों की महिलाएं जिम में नहीं जातीं परंतु वे पार्क में लगे इस जिम में जरूर आएंगी। जिम स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।



इस मौके पर परवाना पार्क की समस्त आरडब्ल्यूए कमेटी के साथ मदनपाल शर्मा, हर्ष मिश्रा, मनोज शर्मा, वार्ड अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुशील शर्मा, मास्टर प्रवीन शर्मा, अनिल शर्मा, प्रकाश भाई, उज्जवल शर्मा, जितेंद्र त्यागी, संतोष मिश्रा, वीर सिंह चौधरी, सोमदत्त शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, विकास जयसवाल, मुन्ना आदि लोग मौजूद रहे।

# महामाया स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट का गंदगी से बुरा हाल
## कैसे करें खिलाड़ी प्रैक्टिस : अरुण चौधरी भुल्लन

- हर महीने स्टेडियम को शुल्क भी दिया जाता है लेकिन यहां सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महामाया स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में गुरुवार को पानी भरा हुआ देखकर खिलाड़ी उखड़ गए। सब लोगों ने कोर्ट में पानी भरा हुआ देख कर नाराजगी जताई। इस मौके पर खिलाड़ी अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्रेक्टिस करने के लिए आते हैं। हर महीने स्टेडियम को शुल्क भी दिया जाता है। यहां सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। शौचालय में गंदगी की भरमार है।







बैडमिंटन कोर्ट में पानी भरा रहता है जिससे रोज किसी न किसी खिलाड़ी के चोट लगती है और वो खिलाड़ी जो देश के लिए प्रैक्टिस करते हैं, उनको गंभीर चोटें आती हैं। अरुण चौधरी भुल्लन ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से भी करने की बात कही। इस मौके पर क्षितिज जैन, अंशुल ग्रोवर, मोहित गर्ग, संजू कोहली, हिमांशु शर्मा, प्रेमपाल एडवोकेट, सचिन त्यागी, नितिन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्वाड नेताओं से सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे बाइडन

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि क्वाड शिखर सम्मेलन में चीन निश्चित रूप में 'एजेंडे में शीर्ष' पर होगा। किर्बी ने इस बात पर जोर दिया कि अगर क्वाड नेता चीन के कारण क्षेत्र में मौजूद चुनौतियों के बारे में बातचीत नहीं करते हैं तो यह गैर-जिम्मेदाराना होगा। वहीं, व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन क्वाड सम्मेलन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, जापानी पीएम फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज का डेलावेयर में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह पहली बार है जब बाइडन अपने गृहनगर में विदेशी नेताओं की मेजबानी करेंगे। अमेरिका में डेलावेयर के विलमिंगटन में 21 सितंबर को राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की जाएगी। यह राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाइडन के कार्यकाल का आखिरी क्वाड शिखर सम्मेलन भी है। जॉन किर्बी



ने कहा कि बाइडन क्वाड समिट से इतर इन नेताओं के साथ व्यक्तिगत रूप से भी मिलेंगे। इस दौरान वे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

जॉन किर्बी ने बुधवार को क्वाड सम्मेलन के आयोजन को लेकर एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उनसे पूछा गया कि चीन किस हद तक इस सम्मेलन का फोकस होगा। जिसके जवाब में किर्बी ने कहा कि चीन पर चर्चा इस सम्मेलन के केंद्र में होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा कभी नहीं होता, जब आप क्वाड में इन नेताओं के साथ मिलते हैं तो हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक सैन्य कार्रवाई, व्यापार के अनुचित तरीकों और ताइवान तनाव को लेकर चर्चा न करें।

# लेबनान में फिर सीरियल धमाके, 20 की मौत, अंतिम संस्कार के समय विस्फोट में कई हताहत



**बेरूत ।** लेबनान में एक दिन पहले पेजर में हुए विस्फोट के बाद आज फिर से सीरियल धमाके हुए हैं। जानकारी के मुताबिक रेडियो सेट जैसे कुछ उपकरणों में आज सिलसिलेवार धमाके हुए हैं, जिसमें अब तक 20 लोगों की मौत और 450 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं।
समाचार एजेंसी एपी के हवाले से आई रिपोर्ट के मुताबिक बेरूत में हिजबुल्ला सदस्यों और पेजर विस्फोट से मारे गए बच्चे के अंतिम संस्कार के दौरान कई विस्फोट की आवाज सुनी गई।

बता दें कि एक दिन पहले लेबनान पेजर में सीरियल धमाकों में 12 लोगों की मौत हुई थी। वहीं इन धमाकों में 2700 से अधिक लोग घायल भी हुए थे।

बेरूत में घटनास्थल पर मौजूद एक एजेंसी के पत्रकारों के अनुसार, हिजबुल्ला के तीन सदस्यों और एक बच्चे के अंतिम संस्कार स्थल पर कई विस्फोट हुए हैं। बता दें कि इन सभी की एक दिन पहले पेजर विस्फोट में मौत हो गई थी।

वहीं लेबनान राज्य मीडिया के अनुसार, बेका घाटी के सोहमोर शहर में अज्ञात वायरलेस उपकरणों के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई है।

## रेडियो सेट और वॉकी-टॉकी धमाके में बढ़ी मृतकों की संख्या

लेबनान के कई इलाकों में कई विस्फोट हुए हैं, दर्जनों लोगों के घायल होने की भी सूचना है। हिजबुल्लाह की तरफ से इस्तेमाल किए जाने वाले संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ। जानकारी के मुताबिक बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में 15 से 20 विस्फोट हुए और दक्षिणी लेबनान में 15 से 20 विस्फोट हुए।

लेबनान में बुधवार को हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि संचार उपकरण विस्फोट में 450 से अधिक घायल हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने लेबनान में बड़ी संख्या में संचार उपकरणों के फटने की खबरों पर चिंता जताई है।

**ईरान ने लेबनान में हुए हमलों की निंदा की :** ईरान ने लेबनान में आज और कल हुए हमलों की निंदा की है, जिसमें पेजर के बाद संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ, सरकारी प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने एक्स पर जानकारी दी है।







**लेबनान सिविल डिफेंस की टीमों ने दर्जनों आग बुझाई :** लेबनान सिविल डिफेंस की टीम ने देश के दक्षिणी गवर्नरेट नबातियेह में कम से कम 60 जगहों पर लगी आग को बुझाया है।

सिविल डिफेंस ने बताया कि वायरलेस डिवाइस में विस्फोट के बाद घरों और स्थानीय व्यवसायों के साथ-साथ वाहनों और मोटर वाहनों में भी आग लग गई थी।

**लेबनान पेजर विस्फोटों पर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक :** स्लोवेनिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत सैमुअल जबोगर, जो सितंबर के लिए परिषद के अध्यक्ष हैं, के अनुसार लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए गए विस्फोटों पर 15 सदस्यीय निकाय की शुक्रवार को बैठक होगी।

उन्होंने कहा कि बैठक का अनुरोध अरब राज्यों की ओर से अल्जीरिया ने किया था।




# भाजपा महानगर गाजियाबाद ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का किया आयोजन

## आपके रक्तदान से किसी परिवार में जीवन में नई रोशनी की किरण बनेगी : अतुल गर्ग





गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिवस सेवा पखवाड़े के तौर पर मनाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को भाजपा महानगर गाजियाबाद ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के मार्गदर्शन और भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में रक्त दान शिविर का आयोजन नवयुग मार्किट शहीद स्थल पर विशाल शिविर के रूप में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरुण यादव, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री अनुज कश्यप, काजल त्यागी अतिथि के रूप में पहुंचे। रक्तदान शिविर में 74 कार्यकर्ताओं के 74 यूनिट ब्लड डोनेट के मिनिमम लक्ष्य के साथ 216 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। इस रक्तदान शिविर में युवा कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से भाग लिया। मैं उनको रक्तदान के इस पवित्र पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद करता हूं। रक्तदान के लिए हम सभी के आगे आने से जरूरतमंद लोगों को आपात स्थिति में रक्त की पूर्ति होगी और हमारे द्वारा किसी परिवार में जीवन में नई रोशनी की किरण बनेगी।

74 यूनिट रक्तदान का मिनिमम लक्ष्य : प्रदेश मंत्री अरुण यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान महादान के शिविर प्रत्येक जिले महानगर में लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर 74 यूनिट रक्तदान का मिनिमम लक्ष्य रखते हुए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी का युवा कार्यकर्ता पीएम मोदी और सीएम योगी के देश हित कार्यों से प्रेरित होकर पूरे समर्पण भाव से भाजपा के साथ जुड़ा है उनका राजनीतिक प्रलोभन अथवा अन्य लाभ से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस, सपा, बसपा केवल युवाओं को बहकाने का काम करते हैं उनका कोई विजन नहीं है। इस अवसर पर बलदेव राज शर्मा, संजय कश्यप, अभियान संयोजक सुशील गौतम, महामंत्री पप्पू पहलवान, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, कुलदीप त्यागी, अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, विरेंद्र सारस्वत, आशुतोष शर्मा, नितिन शर्मा, आशीष चौधरी, पुष्पेंद्र गुप्ता, जयकरण यादव, अरुण भड़ाना, रॉबिन भड़ाना, सुधीर सिंघल, राहुल भाटी, चौधरी अमित मावी, साहिल सरीन, विवेक नगर, अजय ठाकुर, आकाश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम से डॉक्टर अंशुल चौधरी, डॉक्टर संदीप पवार, विनोद कुमार, प्रवेश श्रीवास्तव, मोनू चौधरी, पल्लवी सिंह, नितिन कुमार, रवि, जतिन, सुरेंद्र, अंकुश, अमन, कृष्णा यादव और विकास आदि का सहयोग सराहनीय रहा।





### सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे : संजीव शर्मा

करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश भर में सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। आज के आयोजित रक्तदान शिविर में भारी संख्या में युवाओं द्वारा रक्तदान करने पर मैं उनका आभार प्रकट करता हूं।

### युवाओं द्वारा जनहित में किया गया यह सर्वोत्तम कार्य : आशु वर्मा

करंट क्राइम। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा, युवाओं द्वारा जनहित में किया गया यह सर्वोत्तम कार्य है। उन्होंने बताया दुनिया में हर चीज का विकल्प है लेकिन मानवरक्त का कोई विकल्प नहीं है। पीड़ित अथवा जरूरतमंद मानव रक्तदान से ही सुरक्षित होता है। इस शिविर में आकर एनडीआरएफ के जवान, छायाकार दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में रक्त दान दाताओं का आवागमन शिविर में लगा रहा।

# नगर निगम ने चलाया पॉलिथीन मुक्त अभियान, वसूला 96500 का जुर्माना

## पॉलिथीन का उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार जरूरी : नगर आयुक्त



गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम नगर लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चला रहा है। गुरूवार को कवि नगर जोन अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग प्रवर्तन दल टीम तथा कवि नगर जोन द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। जिन दुकानदारों के द्वारा पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा था उन पर जुमार्ना भी लगाया गया। शास्त्री नगर, राजापुर, गोविंदपुरम व कवि नगर के अनेकों क्षेत्र में अभियान चलाया गया। दुकानदारों से लगभग 20 किलो पॉलिथीन जप्त की गई। अधिकारियों द्वारा जनसामान्य से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए अपील भी की गई।

जोनल प्रभारी राजेश गुप्ता ने बताया गया कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाने का रोस्टर बनाया हुआ है। रोस्टर के क्रम में अलग-अलग क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाता है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर भट्टी चलती हुई मिली तो उनको भी बंद कराया गया।



इसके अलावा जुमार्ना भी वसूल करने की कार्यवाही की गई। प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान में उल्लंघनकर्ताओं से 96500 का जुमार्ना वसूला गया। शहरवासियों को कपड़े का थैला उपयोग करने के लिए अपील की गई।

नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलिथीन का उपयोग न करने तथा पॉलिथीन के बदले कपड़े का थैला इस्तेमाल में लाने के लिए अपील की जा रही है। जहां गाजियाबाद नगर निगम पॉलिथीन उपयोग करने वालों पर कार्यवाही कर रहा है वही जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी शहर हित में शहर वासियों से चल रहे अभियान में सहयोग के लिए भी अपील कर रहे हैं।

# श्याम पार्क एक्सटेंशन की बदहाल सड़क



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 83 श्याम पार्क एक्सटेंशन में मुख्य बाजार दिवाकर स्कूल के सामने लगभग 50-60 मीटर की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। 24 घंटे यहां पानी भरा रहेगा। सामने स्कूल है और इस क्षेत्र का मुख्य बाजार भी है। यहां पर रोज स्कूटी, मोटरसाइकिल और बैटरी रिक्शा पलट रही हैं। कई बैटरी रिक्शा बच्चों के साथ पलट चुकी हैं। शुक्र है अभी तक कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। किसी दिन बड़ी दुर्घटना यहां हो सकती है।

### मलबा डलवाकर गड्ढे भरवाए जा रहे : पार्षद कविता प्रवीण भाटी

करंट क्राइम। श्यामपार्क एक्सटेंशन की सड़क में बरसात का पानी एकत्र होने से गड्ढे हो गए हैं। एक सप्ताह पहले भी टूटी सड़क पर मलवा डालकर गड्ढे भरवाए गए थे। अधिक बरसात के कारण स्थिति जस की तस बन गई है। फिर से नगर निगम द्वारा मलवा डलवाया गया है, जिससे किसी को कोई क्षति न पहुंचे।



पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने आगे कहा कि सड़क को बनवाने का काम बरसात के बाद शुरू कर दिया जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों ने सड़क का निरीक्षण भी कर लिया है।

# गाजियाबाद उपचुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर, बैठकों का दौर जारी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के दूसरी बार गाजियाबाद आगमन के उपरान्त उपचुनाव की तैयारी में भाजपा के महानगर संगठन ने अपनी तैयारियों के लिए पूरी तरह कमर कस ली है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने नेहरू नगर कार्यालय पर बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एससी मोर्चा के पदाधिकारी के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर नेहरू नगर भाजपा कार्यालय पर चर्चा की। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री एवं शहर विधानसभा के प्रभारी हरिओम शर्मा ने एससी मोर्चा के सम्मेलन हेतु तैयारी का जायजा लिया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, भावनगर महामंत्री सुशील गौतम, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान, महानगर संयोजक अनिल कल्याणी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, करण शर्मा सहित समस्त एससी मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# करोड़ों का राजस्व देने के बाद भी बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र बदहाल



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व देने के बाद भी बुलन्दशहर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। बिन बरसात मुख्य मार्ग पर पानी भरा हुआ है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं हैं। बल्कि उद्यमियों और यहां कम करने वाले हजारों मजदूरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इण्डस्ट्रीयल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया गया। जिसमे उद्यमियों ने नगर निगम एवं यूपीसीडा की कार्य प्रणाली को लेकर भारी रोष व्यक्त किया। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, उपाध्यक्ष मनजीत सिंह, महासचिव संजीव सचदेव, वित्त सचिव अनिल तनेजा, सचिव नवीन अग्रवाल, संयुक्त सचिव सौरव मित्तल, रोहताष गुलाटी, दीपक शर्मा, अशोक गुलाटी, कुंवरदीप सिंह, केजी अग्रवाल, कपिल जैन, गौरव कुमार अरोड़ा मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष सुशील अरोड़ा ने कहा कि बुलन्दशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र से उत्तर प्रदेश सरकार को 5 करोड़ के करीब टैक्स के रूप में दिया जा रहा है। लेकिन उद्यमियों को नगर निगम मूलभूत सुविधायें भी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। हम उद्यमी को अपने उद्योग तक पहुँचने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों से होकर गुजना पड़ता है। और उसके साथ ही अतिक्रमण, पथ-प्रकाश व्यवस्था, कूड़ा-सॉलिड वेस्ट निस्तारण जैसी समस्यायें हमारे समक्ष खड़ी है। जिसके लिए नगर निगम ने विगत वर्षो में कोई सकारात्मक कार्य नहीं किये हैं। उपाध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की सभी सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है, किसी वाहन का निकलना भी संभव नहीं हो पा रहा है। क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण उड़ने वाली धूल एवं मिट्टी के कारण क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर निरन्तर बढ़ता रहता है। गाजियाबाद नगर



निगम इन सड़कों के निर्माण कार्य हेतु कोई कार्य नहीं कर रहा है। अपितु यूपीसीडा अपने फण्ड से इन सड़कों निर्माण हेतु कार्य कराने जा रहा है। परन्तु यूपीसीडा द्वारा क्षेत्र के लिए अनुमत किए गये। रुपये 120 करोड़ टेण्डर की प्रक्रिया विगत 6 माह से अधिक से चल रही है। 714 एकड़ में फैले हमारे औद्योगिक क्षेत्र में 34 सड़कें हैं। पूर्व वर्षो में यूपीसीडा द्वारा क्षेत्र में लगायी गयी लाइटों की उचित देखभाल भी नगर निगम द्वारा न किये जाने के चलते लगभग सभी सड़कों पर पथ-प्रकाश की व्यवस्था शून्य है। उधमियों कहा कि ट्रक-ट्रॉलों द्वारा की जा रही अवैध पार्किंग के चलते वहां पर रिपेयर करने वाले मिस्त्री ने अपने खोके लगाये हुये हैं। इसके अतिरिक्त पंचर वालों के ठीये और खाने के बीसियों ढाबे भी इसी सड़क पर बने हुये हैं। इस कारण यहां पर असामाजिक तत्वों के जमाववाड़ा लगा रहता है, जो इन महिलाओं छेड़छाड़ और अपराधिक घटनाओं को अजाम देता है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत

# अस्पताल में मरीजों के बीच राजेश गुप्ता ने फल वितरण किया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के ओबीसी मोर्चा के नीति एवं शोध विभाग के राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गाजियाबाद स्थित एमएमजी जिला अस्पताल में फल का वितरण किया। उन्होंने लगभग 120 से ज्यादा मरीजों से मुलाकात करके उनका हाल पूछा और सबके लिए जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कुछ बच्चों के लिए उन्होंने अपनी तरफ से भोजन और जरूरी चीजों के लिए मदद भी की और उनके अभिभावक को अपना मोबाइल नंबर भी दिया कि यदि आगे भी कोई सहायता की जरूरत हो तो उन्हें जरूर बतायें। पेशे से व्यापार करने वाले राजेश गुप्ता मृदुल स्वभाव के साथ-साथ हमेशा लोगों की मदद करते आए हैं। उनका कहना है कि अपने व्यापार और परिवार की जिम्मेदारियों के बाद अपना सारा समय समाजसेवा में लगाते हैं और अपनी तरफ से जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहते हैं। कभी बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए, तो कभी बीमार व्यक्तियों के लिए, तो कभी शिक्षा के लिए, तो कभी भोजन का प्रबंध कराने के लिए हमेशा अपने तरफ से समाज में लोगों की मदद करते आए हैं।



# वार्ड 34 का अप्सरा बॉडर बना दिया डम्पिंग ग्राउंड



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 34 में जीटी रोड अप्सरा दिल्ली यूपी बॉर्डर को नगर निगम द्वारा डंपिंग ग्राउंड बनाया गया है। जिसे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है, इस को लेकर क्षेत्रीय पार्षद खुशीर्दा कल्लन बेगम ने गुरुवार को नगरायुक्त को पत्र लिखर अवगत कराया है। पार्षद ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को दिक्कत हो रही है, कई किलोमीटर तक कूड़े की दुर्गंध भी आ रही है। यहां कूड़ा घर बनने से बहुत ही ज्यादा लोगों को परेशानी हो रही है। क्योंकि कूड़ा बहुत ही तादाद में कई कुंतल लगभग 50-60 डंपर कूड़ा है। कूड़ा रोड तक आ चुका है, वही जाम की



स्थिति कई किलोमीटर जाम भी लग जाता है। बरसात पा पानी निकासी भी नहीं है दोनों तरफ जीटी रोड पर पानी बहुत ही तादाद में भर चुका है। इस कूड़ा घर को यहां से कहीं और शिफ्ट या बंद करने का सहयोग प्रदान करें क्योंकि दिल्ली से सटा वार्ड होने के कारण दिल्ली से आप एंट्री करने पर बहुत ही बेकार लगता है। पार्षद खुशीर्दा कल्लन बेगम ने कहा कि नगरायुक्त क्षेत्र का निरीक्षण करके देखिए दिल्ली और यूपी में फर्क नजर आ जाएगा। यह तो सीमा है इसका उदाहरण तो हमें सुंदरता से देना चाहिए लेकिन आप यहां निरीक्षण करके देखिए बहुत ही बुरा हाल है। यहां के लोग भी इस कूड़े घर को लेकर



बहुत ही परेशान है कई बार शिकायत की जल्द से जल्द आप यहां से कूड़ा उठवाने ओर समाधान किया जाए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता हमेशा से धर्म संस्कृति और परिवार से जुड़ कर चलते हैं। जब सपनावत के मां वैष्णो धाम मंदिर में श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ तो संजीव गुप्ता ने अपनी पूज्य पिता और माता को याद किया और लिखा कि उनके आशीर्वाद से हमारे परिवार ने पवित्र भागवत कथा का श्रवण किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।